haribhoomi.com

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.3 डिग्री



शिवशक्ति गणेश उत्सव समिति तेलीपारा द्वारा स्थापित की गई गणेश प्रतिमा।

## शहर में विराजे गणपति, स्वच्छ पंडाल को मिलेगा ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चतुर्थी पर शहर में गणेश उत्सव की धूम मची रही। रात तक जगह-जगह भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की जाती रहीं। आगामी दस दिनों तक गणेश उत्सव मनाया जाएगा। इधर शहर को सबसे स्वच्छ शहर बनाने में जुटा नगर पालिक निगम आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए गणेश पंडालों को स्वच्छता की कसौटी पर परखेगा, जिसके लिए निगम ने स्वच्छ गणेश पंडाल प्रतियोगिता का आगाज किया है।

नगर निगम बिलासपुर ने राज्य शासन के स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 के तहत इस प्रतियोगिता का आयोजन किया है। सभी जोन क्षेत्रांतर्गत के गणेश आयोजन समितियों के साथ बैठक करके निगम ने प्रतियोगिता की जानकारी दी है। शहर के सभी गणेश पंडालों में आवश्यक मापदंडों का पालन किया जा रहा है कि नहीं, इसके अलावा स्वच्छता को लेकर क्या प्रयास किए गए है और कौन सा पंडाल सबसे स्वच्छ है, इसका पता लगाने के लिए निगम कि निरीक्षण टीम सभी पंडालों का निरीक्षण करेगी। निगम द्वारा निर्धारित मापदण्ड में जो आयोजन समिति खरी उतरेगी उसे सम्मानित किया जाएगा। प्रथम स्थान आने पर 10 हजार नकद और प्रमाण-पत्र, दूसरे स्थान आने पर 6 हजार नकद और प्रमाण-पत्र और तीसरे स्थान आने पर 4 हजार नकद और प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

### इन मापदंडों पर परखा जाएगा

स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 के तहत स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के लिए नगर निगम पंडालों में प्रचार सामग्री उपलब्ध कराएगा,गणेशोत्सव समितियों द्वारा अपने पंडाल एवं उसके आसपास के क्षेत्र में समुचित साफ-सफाई के लिए सहयोग देगा। निगम देखेगा कि क्या गणेश पंडाल में स्थापित की गई गणेश की प्रतिमा मिटटी की बनी हुई है, क्या पंडाल की सजावट हेतु उपयोग की गयी सामग्री कागज/कपड़े की है अथवा प्लास्टिक की है, क्या गणेश पंडाल में गीले व सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्ट बिन की व्यवस्था है, क्या पंडाल में किसी तरह के स्वच्छता सन्देश प्रदर्शित किए गए हैं, गणेश पंडाल में प्रसाद/भंडारे में उपयोग होने के बाद बचे हुए सामग्रियों / अपशिष्ट का सही तरीके से निष्पादन किया जा रहा है, दर्शनार्थियों के पानी, प्रसाद आदि के लिए कागज/दोने आदि का इस्तेमाल किया जा रहा है या प्लास्टिक का,पंडाल के आसपास स्वछता का ध्यान रखा गया है या नहीं।

## खबर संक्षेप

### अब स्पीड पोस्ट से भेजे जाएंगे हाईकोर्ट के नोटिस

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब कोर्ट से जुड़े नोटिस और दस्तावेज रजिस्टर्ड डॉक के बजाए सीधे स्पीड पोस्ट से भेजे जाएंगे। इससे नोटिस और दस्तावेजों की डिलीवरी की प्रक्रिया पहले से आसान और पारदर्शी होगी। इसके साथ ही न्यायिक कार्रवाई में भी तेजी आएगी। दरअसल आमतौर पर रजिस्टर्ड डॉक से नोटिस और दस्तावेज भेजने पर संबंधित पक्षकार या सरकारी विभाग के अफसर बहानेबाजी करते थे। यह कह दिया जाता था कि उन्हें नोटिस देरी से मिला, लेकिन, अब स्पीड पोस्ट शुरू होने से इस तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी। साथ ही लापरवाही पर जवाबदेही भी तय की जा सकेगी।

### डिप्टी सीएम बिलासपुर रतनपुर के दौरे पर आज

**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव 28 अगस्त को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे



रतनपुर भी जाएंगे । जानकारी के अनुसार श्री साव 28 अगस्त को सुबह 8 बजे रायपुर से प्रस्थान कर सुबह 9.45 बजे बिलासपुर केंद्रीय जेल पहुंचेंगे। यहां पुष्प की अभिलाषा कविता का पाठ कार्यक्रम में शामिल होंगे। सुबह 10.30 बजे कार से रतनपुर रवाना होंगे। सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक रतनपुर में आयोजित नगरीय निकाय के विविध विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात दोपहर 12.30 बजे रतनपुर से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। वे यहां डी 1 नेहरू चौक अपने निवास पर दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक भेंट मुलाकात करेंगे। श्री साव दोपहर 3 बजे कार से रायपुर रवाना होंगे।

### हॉकी प्रतियोगिता पुलिस ग्राउंड में आज से

**बिलासपुर।** खेल दिवस के अवसर पर नगर हॉकी परिवार के तत्वावधान में दो दिवसीय नगर स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता 28 और 29 अगस्त को पुलिस ग्राउंड में किया जा रहा है। इसमें बिलासपुर हॉकी के सभी दिवंगत खिलाड़ियों को विन्रम श्रद्धाजंलि अर्पित की जाएगी। इस हाकी प्रतियोगिता में नगर की 6 टीमों के मध्य, नगर स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित है। जिससे बिलासपुर शहर के पुराने हॉकी क्लब के नाम से चर्चित टीमें, फ्रेशर्स क्लब, लीडर्स क्लब, असगर स्पोर्टिंग, एस एस एकेडमी, विजय स्पोर्टिंग और यंग इलेवन बिलासपुर की टीम भाग लेंगी। विजेता टीम को ट्रॉफी और 15000 नकद, उपविजेता को टॉफी और 11000 नकद, सेकेंड रनरअप को ट्रॉफी और 5000 नकद दिया जाएगा। इसके साथ ही प्लेयर ऑफ दी टूर्नामेंट, बेस्ट फॉरवर्ड, बेस्ट डिफेंडर और बेस्ट स्कोरर को आकर्षक पुरस्कार एवं प्रत्येक मैच में मेन ऑफ द मैच दिया जाएगा।

### लोलार्क षष्ठी पर्व 29 को अवतरण दिवस 30 को

**बिलासपुर।** अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान बिलासपुर के तत्वावधान में अघोर उपासना बांसाझाल चपोरा में बाबा कीनाराम की जन्म षष्ठी पर्व 29 अगस्त शुक्रवार को लोलार्क षष्ठी के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन सुबह प्रभात फेरी, आश्रम स्थल पर श्रमदान के बाद हवन पूजन व आरती का कार्यक्रम होगा। शाम को विचार गोष्ठी होगी। दूसरे दिन शनिवार 30 अगस्त को बाबा भगवान रामजी का अवतरण दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। इसमें आश्रम से जुड़े सभी साधक एवं भक्त मौजूद रहेंगे। यह जानकारी विनोद तंबोली ने दी।

## लोफंदी शराबकांड : जहरीली शराब पीने से हुई थी 4 लोगों की मौत, एफएसएल की रिपोर्ट में हुई पुष्टि

### मृत कोचिए की पत्नी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोफंदी में जहरीली शराब पीने से 8 लोगों की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। एफएसएल रिपोर्ट में चार मृतकों की जहरीली शराब पीने से मौत होने की पुष्टि की गई है। पुलिस ने इस मामले में मृत कोचिए की पत्नी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

8 फरवरी 2025 को लोफंदी में जहरीली कच्ची शराब पीने से ग्रामीणों की मौत होने से हड़कंप मच गया था। आनन फानन में जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के आला अफसर गांव में पहुंच गए। मृतकों के परिजन ने बताया कि कच्ची शराब पीने के बाद मृतकों की तबियत खराब हुई और इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी मौत हो गई। गांव में एक एक कर 9 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के द्वारा कुछ लोगों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया था। डाक्टरों की टीम के द्वारा बिसरा फ्रिज कर दिया गया था। कोनी पुलिस के द्वारा मृतकों के बिसरा को जांच के लिए फोरेसिंक विभाग भेजा गया था।

सूत्रों के अनुसार बिसरा रिपोर्ट पर में 4 मृतकों की जहरीले शराब पीने से मौत होने की पुष्टि की गई है। बिसरा रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जांच के बाद मृत कोचिया कोमल लहरे की पत्नी पांचो बाई लहरे के खिलाफ चार प्रकरण में बीएनएस की गैर इरादतन हत्या की धारा 105 के तहत जुर्म दर्ज किया है। बहरहाल मामले की पुष्टि पुलिस अधिकारियों के द्वारा नहीं की गई है। पूरे मामले में गोपनीयता बरती जा रही है और मामले को सेंसिटिव में डाल दिया गया है।

#### इन लोगों की हुई थी मौत

- रामू सुनहले 55 साल पिता बबईस सुनहले 59 साल
- शत्रुहन देवांगन पिता महेत्तर देवांगन 40 साल
- बलदेव पटेल पिता छेदीलाल पटेल 52 साल
- कोमल प्रसाद लहरे पिता गया राम लहरे 56 साल
- कन्हैया पटेल पिता चैतराम पटेल 60 साल
- कुन्नू देवांगन पिता उर्फ नान्हू पिता बाबा देवांगन 35 साल
- देव कुमार पटेल पिता चैतराम पटेल 45 साल
- बुधराम पटेल पिता इतवारी पटेल 50 साल



जिसने अवैध शराब बनाई, उसकी भी हो गई मौत

शराब से मौत : कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

हरिभूमि में 9 फरवरी को प्रकाशित खबर।

#### फूड पाइजनिंग से मौत होना बताया गया था

कांग्रेस नेताओं द्वारा इस मामले में हंगामा मचाए जाने व आंदोलन की चेतावनी देने पर ग्रामीणों के पोस्टमार्टम के बाद प्रशासन ने विज्ञाप्ति जारी की थी, इसमें ग्रामीणों की फूड पाइजनिंग से मौत होने की बात कही गई थी और मामले को डंडे बस्ते में डाल दिया गया था। अब एफएसएल रिपोर्ट से मामले में सच सामने आ गया है।

### मस्तूरी के ओखर का मामला, तहसीलदार पहुंचे जांच करने

## निजी गौशाला में लगातार गायों की मौत से मचा हंगामा, प्रशासन ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी के ओखर में वासुदेव गौशाला सेवा समिति द्वारा संचालित निजी गौशाला में पिछले कुछ दिनों से लगातार गायों की मौत से हंगामा मच गया है, ग्रामीणों द्वारा आक्रोश जताए जाने के बाद मस्तूरी तहसीलदार गौशाला की जांच करने पहुंचे। वहीं बुधवार को मृत दो गाय सहित एक बछिया का पशुपालन विभाग के डाक्टरों से पोस्टमार्टम कराया गया। ग्रामीणों द्वारा पिछले तीन दिनों में लगभग 30 गायों की मौत होने की जानकारी दी जा रही है, जबकि गौशाला संचालक के अनुसार केवल 8 गायों की मौत हुई है।

मस्तूरी ब्लॉक अंतर्गत ओखर गांव में गायों की मौत से माहौल गरमाया हुआ है। यहां वासुदेव गौशाला सेवा समिति द्वारा निजी गौशाला चलाई जा रही है, जहां पर गायों को रखा जाता है। दुर्घटना में घायल एवं बीमार गायों को भी लोग वहां छोड़ जाते हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से यहां पर लगातार गायों की मौत हो रही है, इससे ग्रामीण आक्रोशित हो उठे हैं। पिछले दिनों गौशाला के गायों को रात में बाहर छोड़ दिया गया था और गाय ग्रामीणों के खेतों में फसल को नुकसान पहुंचा रही थीं, जिस पर ग्रामीण गायों को खदेड़कर गौशाला छोड़ आए थे, इसमें बड़ी संख्या में गांव वालों की भी गाय थीं। इस घटना को लेकर गौशाला संचालक और ग्रामीणों के बीच पहले से विवाद चल रहा था, उस पर पिछले तीन दिनों से गौशाला में गायों की मौत की खबर लगते ही ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। ओखर के ग्रामीणों के अनुसार पिछले तीन दिनों में लगभग 30 गायों की मौत हुई है, जबकि वासुदेव गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष हेमंत कुमार पटेल के अनुसार तीन दिनों में केवल 8 गायों की मौत हुई है। गांव वाले इन गायों की मौत भूख, प्यास से तड़पकर होने की बात कह रहे हैं और गौशाला में ठीक तरह चारा, पानी की व्यवस्था नहीं होने का आरोप लगा रहे हैं। गायों की मौत का मामला काफी बढ़ गया और इसकी सूचना मिलने के बाद प्रशासन की तरफ से मस्तूरी तहसीलदार प्रकाश साहू आज जांच करने ओखर गौशाला पहुंचे थे, उन्होंने गौशाला संचालक से लेकर ग्रामीणों से इस बारे में पूछताछ की और पशु पालन विभाग की टीम के साथ गौशाला का निरीक्षण किया। जांच के दौरान बुधवार को दो गाय समेत एक बछिया मृत पाया गया, जिसका पशु चिकित्सकों से पोस्टमार्टम कराया गया, जिसकी रिपोर्ट अभी नहीं आई है।



पशु पालन विभाग के डाक्टरों ने किया मृत गायों का पोस्टमार्टम







#### व्यवस्था का अभाव

ओखर की निजी गौशाला में व्यवस्था का अभाव है, जिसके कारण बहुत सी गायों की मौत हो गई है। यह पंजीकृत गौशाला है और गौशाला वाले ठीक तरह संचालित नहीं कर रहे हैं। यहां तक गायों को चारा चरने गौशाला से बाहर निकाल दिया जाता है, जिससे खेतों की फसलों को नुकसान होता है। इसी सब बात को लेकर गांव वाले आक्रोशित थे।

- **लक्ष्मी यादव,** सरपंच, ग्राम पंचायत ओखर

#### सहमति बनाई गई

ओखर में वासुदेव सेवा समिति द्वारा संचालित निजी गौशाला में गायों की मौत का मामला सामने आया था। पिछले तीन दिनों से गायों की मौत की बात आई थी और आज जांच के दौरान तीन गाय गौशाला में मृत अवस्था में मिली है, जिसका पशुपालन के चिकत्सकों द्वारा पोस्टमार्टम किया गया है। गौशाला समिति के लोगों और ग्रामीणों के बीच बैठक कराई गई है, जिसमें व्यवस्था बनाने दोनों पक्षों में सहमति बनी है।

- **प्रकाश साहू,** तहसीलदार, मस्तूरी

### तहसीलदार की उपस्थिति में हुआ समझौता

मस्तूरी तहसीलदार की उपस्थिति में वासुदेव गौशाला सेवा समिति के पदाधिकारियों और ओखर के ग्रामीणों के बीच आज बैठक हुई। गांव वालों का कहना था गौशाला वाले रात में गायों को बाहर निकाल देते हैं, जिससे गौशाला की गाय उनके खेतों की फसल को नुकसान पहुंचाती हैं। गौशाला में चारा, पानी और इलाज की उचित व्यवस्था नहीं होने से गायों की मौत हो रही है। अगर गौशाला की व्यवस्था ठीक नहीं की जाती है, तो उसका रजिस्ट्रेशन निरस्त किया जाए। इस पर यह सहमति बनी कि जब तक खेतों की फसल कटाई नहीं हो जाती तब तक गौशाला की गायों को बाहर नहीं छोड़ा जाएगा, साथ ही गौशाला की गायों की पहचान के लिए उनकी सींगों को रंगा जाएगा। गौशाला का सीसीटीवी कैमरा ठीक कराया जाएगा और गायों की उचित देखभाल, चारा, पानी की व्यवस्था की जाएगी। इन बातों पर गौशाला सेवा समिति भी तैयार हो गया है।

### शासन से आर्थिक सहायता नहीं मिलती : पटेल

ओखर में वासुदेव गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष हेमंत कुमार पटेल का कहना है कि वह दो साल से अपने निजी भूमि पर गौशाला के माध्यम से गौ सेवा करते आ रहा है और मई माह में उसने गौशाला का रजिस्ट्रेशन भी कराया है। उन्होंने समय-समय पर छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग को पत्र लिखकर गौशाला के लिए पेयजल एवं सिंचाई की व्यवस्था के लिए अनुदान तथा दुर्घटनाग्रस्त गायों की देखरेख उपचार करने औषधि के लिए अनुदान तथा गौशाला में शेड निर्माण के लिए आर्थिक सहायता की मांग की गई है, लेकिन अभी तक शासन या गौ सेवा आयोग से अनुदान या आर्थिक सहायता नहीं मिली है। श्री पटेल का कहना है कि उनकी गौशाला में लगभग 500 से अधिक गाय हैं, जिनमें लगभग 150 दुर्घटनाओं में घायल या बीमार गाय शामिल हैं। गौशाला में गांव वालों की भी गाय है। बरसात में हम लोग केवल चार दिनों का चारा रखते हैं, ज्यादा स्टाक नहीं रखते हैं। वे गौ सेवा का काम करते हैं और पूरी निष्ठा से सेवा करने का प्रयास करते हैं।

## मदकू द्वीप के विकास के लिए बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार

- हाईकोर्ट में कलेक्टर और डीएफओ ने शपथपत्र पेश किया

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने मदकू द्वीप मामले में सुनवाई करते हुए जिला कलेक्टर से पूछा कि कनेक्टिंग रोड का काम कब तक पूरा हो जाएगा। बुधवार को डीएफओ व जिला कलेक्टर ने अपना शपथपत्र पेश किया। इसमें कलेक्टर ने बताया कि हाइवे से आने वाले सम्पर्क मार्ग का काम जल्द ही पूरा होगा। अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को रखी गई है।

मुंगेली जिले का मदकू द्वीप महज छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्यटन स्थल है मगर प्रशासनिक उदासीनता की वजह से मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। इस पर एक खबर प्रकाशित होने के बाद हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया और कलेक्टर को व्यक्तिगत शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसके अलावा सचिव, पर्यटन/संस्कृति, से भी राज्य के पर्यटन स्थलों के रखरखाव व सौंदर्याकरण के लिए आवंटित राशि के संबंध में अपना व्यक्तिगत शपथ-पत्र भी दाखिल करने कहा था। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डीबी में हुई सुनवाई में एडवोकेट जनरल ने बताया कि, शासन ने इसके विकास के लिए एक बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया है। इसके अलावा ईको टूरिज्म स्पॉट बनाया जाएगा और दूसरे काम भी किए जायेंगे जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। इसी दौरान डिवीजनल फारेस्ट ऑफिसर और मुंगेली के जिला कलेक्टर ने शपथपत्र पेश किया।

पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि द्वारा आयोजित

व्यापार एवं उद्योग मेला के अवसर पर

रंगोली सजाओ प्रतियोगिता | मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

का पुरस्कार वितरण समारोह

शनिवार, दिनांक - 30 अगस्त 2025

समय - दोपहर 1 बजे

स्थान - हरिभूमि कार्यालय

गौरव पथ, रिंग रोड नं. 2, बिलासपुर (छ.ग.)

रंगोली सजाओ प्रतियोगिता, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता, महिला दिवस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को परिचय पत्र की छाया प्रति जमा करना अनिवार्य है।


खेल शक्ति, युवा शक्ति
युवा शक्ति, राष्ट्र शक्ति
श्रमेव जयते
मजदूर का बच्चा, मजदूर नहीं बनेगा।
मजदूर का बच्चा आई.ए.एस., आई.पी.एस. बनेगा।।
हम सबने मिलकर ठाना है, बिलासपुर को खेलगढ़ बनाना है
माननीय उपमुख्यमंत्री
श्री अरुण साव जी
को खेल एवं युवा कल्याण विभाग
का नवीन दायित्व मिलने के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर
हार्दिक बधाई एवं खेल दिवस की शुभकामनाएं
ALL INDIA MARATHONE
WINNING PRICE - 1 LAC
-: विशिष्ट अतिथि :-
डॉ. संजीव शुक्ला पुलिस महानिरीक्षक
रजनीश सिंह पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर
संजय अग्रवाल कलेक्टर, बिलासपुर
अमित कुमार आयुक्त न.नि., बिलासपुर
रामगोपाल करियारे अति. पुलिस अधीक्षक, यातायात
प्रिंस भाटिया डायरेक्टर-फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी
डॉ. ओम माखीजा
डॉ. विनोद तिवारी
कमल सोनी
शैलेष वाजपेयी
छेदीलाल सराफ
डॉ. शंकर यादव
शंकर सिंह परिहार (संयोजक)
हरगोविन्द अग्रवाल
सुनिल सिंह
फिरोज खान
रवि कुमार
अभ्युदय तिवारी
दीपक साहू
लक्ष्मीनारायण थवाईत
मुकेश पुरी गोस्वामी
मार्शल ऑर्ट गुरु
शहीद राजीव पाण्डेय अवार्डी
अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी व कोच
प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ आपक्स
29 अगस्त 2025
खेल दिवस
के उपलक्ष्य में
अखिल भारतीय मैराथन
का आयोजन
स्थान- सी.एम.डी. कॉलेज ग्राउंड से प्रारंभ....
समय : प्रातः 5 बजे से
प्रथम पुरस्कार- 1,00,000/-
द्वितीय पुरस्कार- 31,000/-
तृतीय पुरस्कार- 21,000/-
चतुर्थ पुरस्कार-11,000/-
पांचवा से दसवां तक -5001/-
* नियम एवं शर्तें लागू
सीएमडी ग्राउंड
अग्रसेन चौक
राजेन्द्र नगर चौक
नेहरू चौक
देवकीनंदन चौक
सिटी कोतवाली चौक
जूना बिलासपुर
गांधी चौक
शिव टॉकीज चौक
तारबहार चौक
सीएमडी ग्राउंड
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें- 9752722369
नोट : ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध।
सौजन्य : समस्त खेल संघ व स्टेयर्स फाउंडेशन

हरिभूमि
बिलासपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255


अष्टमुखी गणेशोत्सव समिति तोरवा

# लालबाग के राजा, बाल स्वरूप राधा-कृष्ण के गणपति की स्थापना

गणपति बप्पा के जयकारों के साथ बुधवार को गणेश उत्सव प्रारंभ हो गया, पहले दिन घरों व पंडालों में विराजित गणेश भगवान की विधी-विधान से स्थापना की गई। सुबह से जो पूजा क्रम शुरू हुआ देर रात तक शहर की विभिन्न समितियों और घरों में विघ्नहर्ता को विराजमान किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने गणपति बप्पा की स्थापना की। तोरवा में राधा-कृष्ण स्वरूप गणपति विराजे है, तो सीपत चौक में लागबाग के राजा की स्थापना की गई है।


विघ्नहर्ता की विधि-विधान से पूजा की गई, आकर्षक लाइटिंग व पंडाल की सजावट दिख रही खास

**बिलासपुर।** गली-मोहल्लों में सैकड़ों स्थानों पर सुसज्जित पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। आकर्षक पंडालों में रंग-बिरंगी रोशनी के बीच गणेश व रिद्धि-सिद्धि की प्रतिमाओं की स्थापना कर ली गई। पूरे दिन लोग ढोल-बाजे के साथ लंबोदर की प्रतिमाएं पंडालों और घरों में लाते रहे। गणेश स्थापना का उत्साह अब शहर में भी जमकर दिख रहा है,हर समितियां गणपति के आगमन,मूर्ति व डेकोरेशन को भव्य बनाने अलग-अलग थीम पर अनुठे प्रयास करती है। इनकी मंशा यही रहती है कि शहर में अलग हमारी समिति दिखे, इसका ही ध्यान रख समिति के सदस्य बीते तीन माह पहले से ही तैयारी करना प्रारंभ कर देते है। इस बार पंडालों में अनेक जगहों पर विघ्नहर्ता के अनेक रूप या अधिक ऊंचाई की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। मूर्तिकारों ने अपनी कल्पना से लंबोदर को अनेक रूप दिए हैं,शहर में तोरवा, दयालबंद,जूना बिलासपुर, तेलीपारा, मध्य नगरीय चौक, मसानगंज, पचरीघाट, सरकंडा, जोरापारा, देवकीनंदन चौक, रेलवे क्षेत्र समेत विभिन्न चौक-चौराहों में गणपति बप्पा विराजमान किए गए।

## जगह-जगह विराजे विघ्नहर्ता


जापान टाल में विराजे एकदंत।


हरिभूमि कार्यालय में विघ्नहर्ता विराजे


सीएमडी कालेज के चैयरमेन संजय दुबे के निवास में गणपति की स्थापना।


विनायक गणेश बंधवापारा।


मां महामाया गणेश, सीपत चौक


बहतराई नगर में विराजे विघ्नहर्ता।


बजरंग गणेशोत्सव लोधीपारा।



तेलीपारा में विराजे लंबोदर।


महाकाल गणेशोत्सव टिकरापारा


लड्डू गणेश समिति मैग्नेटोमॉल


जेपी हाईट्स में विराजे गजानन

## फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में विराजे गणपति


गणेश चतुर्थी पर आज फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में विधि विधान से गणपति विराजे। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के अध्यक्ष प्रिंस भाटिया ने महाआरती कर पूजा अर्चना की और प्रसाद का वितरण किया गया। क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच पिछले 9 साल से गणपति की पूजा की जा रही है। इस अवसर पर एकेडमी के खिलाड़ी कोच, तथा शहर के श्रद्धालु जन उपस्थित थे। सभी ने गणपति की आरती गाते हुए पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। खेल मैदान में आकर्षक लाईटिंग सजावट के साथ पूजा पंडाल तैयार किया गया है। 10 दिनों तक प्रतिदिन गणपति की महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## सुमुख गणेश मंदिर में उत्सव की शुरूआत

रेल्वे कंस्ट्रक्शन कॉलोनी के श्री सुमुख गणेश मंदिर में 5 दिवसीय गणेश चतुर्थी पूजा उत्सव प्रारंभ हो गया,प्रथम दिन विशेष पूजा-अर्चना की गई। गणपति हवन, अभिषेकम्, सहस्रनाम अर्चना, महादीप आराधना कर प्रसाद वितरण किया गया। शाम को भी अभिषेकम, सहस्रनाम अर्चना व महादीप आराधना का कार्यक्रम हुआ। अन्य दिन भी पूजा, हवन का क्रम चलेगा, 31 अगस्त को शाम को श्री सुमुख गणेश अपने मूषक वाहन में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने हेतु निकलेंगे। रथयात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर तारबाहर, महेश स्वीट्स तक जाकर वापस अपने मंदिर की ओर आएगी। रथयात्रा बाजे -गाजे सहित आतिशबाजी के साथ होगी। आयोजन को सफल बनाने मंदिर प्रबंधन समिति व सेवादार उत्साह से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# क्षमा याचना के साथ जैन समाज के पर्युषण पर्व का समापन

**बिलासपुर।** जैन समाज पर्युषण महापर्व के आठवें दिन चोपड़ा भवन में पूजन वेशभूषा धारण कर स्तवन कुलनायक पूजा, शांति कलश पूजा, मंगल दीपक सहित कई धार्मिक आयोजन संपन्न हुए, बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

दोपहर से चोपड़ा भवन तारबहार, जैन उपाश्रय टिकरापारा, वैशाली नगर में संवत्सरी प्रतिक्रमण संपन्न हुआ। समाज की ज्योति चोपड़ा द्वारा कल्प सूत्र का वाचन किया गया, प्रतिक्रमण पश्चात जैन समाज के सभी सदस्यों ने जीव जंतुओं सहित सभी से हाथ जोड़कर माफी मांगी एवं आपस में मिलकर एक दूसरे को जाने अनजाने में 365 दिनों में हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना की। टिकरापारा जैन उपाश्रय एवं हूल्लास चंद गोलछा वैशाली नगर के निवास में तेरापंथ समाज के द्वारा सुबह प्रवचन एवं शाम को संवत्सरी प्रतिक्रमण हुवा।





प्रतिक्रमण में प्रमुख रूप से विमल चोपड़ा, नरेंद्र मेहता, इंदर चंद बैद, सुभाष श्रीश्रीमाल, गौतम बाफना, रमेश भयानी, अमित, संजय छाजेड़, संजय चोपड़ा, अविनाश चोपड़ा, संतोष चोपड़ा, अमिता गोलछा, प्रवीण कोचर सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

पयूषर्ण महापर्व के आखिरी दिन बहुत ही उमंग और उत्साह के साथ शुरू हुआ। दोनों दीदी ने इस क्षमा वाणी पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि इस पावन दिन में परिवार में समाज में एक दूसरे से क्षमा याचना करना चाहिए। क्षमा मांगना क्षमता देने से अति महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी को क्षमा कर देने में ही मोक्ष की प्राप्ति है, यदि आप बड़े हैं तो सामने वाला क्षमा मांग रहा है या नहीं मांग रहा है इसकी परवाह किए बना स्वयं ही क्षमा देने की आग्रह करना चाहिए।

## दिगंबर जैन समाज का पर्यूषण महापर्व आज से

पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व में परम पूज्य अनर्घमति माता ससंघ के पावन सानिध्य एवं आशीर्वाद से सभी को धर्म ज्ञान बढ़ाने के कई अवसर मिल रहे हैं। 28 अगस्त से 10 दिनों तक लगातार धार्मिक आयोजन की श्रृंखला लगातार रहेगी। जिसमें पहला दिन गुरुवार को प्रतिभास्थली की दीदी द्वारा कार्यक्रम धार्मिक कार्यक्रम, दूसरे दिन शुक्रवार को मंगलाचरण क्रांतिनगर पाठशाला एवं फैन्सी ड्रेस कार्यक्रम सखी ग्रुप द्वारा, तीसरे दिन शनिवार मंगलाचरण एवं नाटक सरकंडा पाठशाला के बच्चों की प्रस्तुति होगी।

# प्रणवम महोत्सव में 8 राज्यों के 1200 प्रतिभागी होंगे शामिल, उद्घाटन आज

**बिलासपुर।** कृषि महाविद्यालय ऑडिटोरियम में 28 अगस्त से 2 सितम्बर तक प्रणवम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह संगीत एवं नृत्य की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 1200 प्रतिभागी शामिल होंगे। 6 दिवसीय इस महोत्सव में कुल 20 श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। उद्घाटन समारोह गुरूवार को शाम 6 बजे से आयोजित किया जाएगा और मुख्य अतिथि डीप्टी सीएम अरुण साव होंगे, अध्यक्षता विधायक सुशांत शुक्ला करेंगे और विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी होंगी। इस महोत्सव में भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्य की विविध शैलियों के साथ-साथ शास्त्रीय और सुगम संगीत की भी प्रस्तुतियां होंगी। आयोजन समिति की अध्यक्ष गुरु श्वेता नायर ने बताया कि प्रतियोगिता का संचालन प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक होगा, इस दौरान दर्शक पूरे दिन भर अलग-अलग राज्यों की कला, संस्कृति और परंपरा से रूबरू होंगे। कार्यक्रम में कुचिपुड़ी, कथक, भरतनाट्यम, मोहिनत्तम, ओडिसी और मणिपुरी जैसे शास्त्रीय नृत्य देखने को मिलेंगे। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ समेत विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य भी मंच पर अपनी सांस्कृतिक छटा बिखेरेंगे। संगीत वर्ग में वाद्य और गायन प्रतियोगिताएं होंगी, जिसमें युवा कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतिभागी 5 वर्ष से 58 वर्ष की आयु वर्ग के हैं महोत्सव के आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की समृद्ध परंपरा से जोड़ने के साथ-साथ कलाकारों को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने का प्रयास है।

# डीपीएस में मानसून उत्सव पर बच्चों ने गीत, नृत्य व नाटक की दी प्रस्तुति





कार्नर न्यूज

**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में यूकेजी के विद्यार्थियों ने अभिभावकों की उपस्थिति में मानसून उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे बच्चों के स्वागत वक्तव्य एवं स्वागत गीत से हुई। बच्चों ने रंग बिरंगे कपड़े पहने वर्षा ऋतु पर गीत, नृत्य और कविताओं की सुंदर प्रस्तुतियां दी। उसके पश्चात नाट्य का भी प्रदर्शन किया गया। मंच को वर्षा ऋतु की थीम पर सजाया गया जिससे वातावरण और भी मनमोहक हो उठा,बच्चों ने अपनी मासूम अदाओं और जोश से भरी प्रस्तुतियों से सब का दिल जीत लिया। अभिभावकों की उपस्थिति ने उनका उत्साह दो गुना कर दिया।



कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रिंसिपल जसपाल सिंह माथ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसून हमें प्रकृति की गोद में ले जाता है, यह ऋतु जल संरक्षण और पर्यावरण के महत्व की ओर हमें सचेत करती है। उन्होंने बच्चों की भागीदारी की सराहना की और इस प्रकार का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। यह मानसून सेलिब्रेशन विद्यालय परिवार के लिए रोचक और आनंद से भरपूर रहा।

## अग्रहरि वैश्य समाज में बंजारी पूजा 31 को

**करगीरोड कोटा।** अग्रहरि वैश्य समाज की परंपरागत बंजारी पूजा का आयोजन आगामी 31 अगस्त रविवार को स्थानीय अग्रहरि धर्मशाला में किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने सभी स्वजातीय बंधुओं से इस धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर पूर्ण आहुति प्रदान करने की अपील की है। समाज के अध्यक्ष फूलचंद अग्रहरी ने जानकारी देते हुए बताया कि, कुछ दिनों में समाज के कई परिवारों में निधन हो जाने की वजह से भोज सहित अन्य सामाजिक गतिविधियों को विराम लगा हुआ है।

## निधन

### प्रमोद शर्मा



**बिलासपुर।** पत्रकार कालोनी बिरकोना निवासी पत्रकार प्रमोद शर्मा का 27 अगस्त को निधन हो गया। वे 60 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 28 अगस्त को उनके गृहग्राम मेऊ में होगा। वे मिक्की और खुशी के पिता थे।

### कुसुम तिवारी



**बिलासपुर।** टेलीफोन एक्सचेंज रोड, निराला नगर निवासी कुसुम तिवारी का निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार 28 अगस्त को सुबह 11 बजे तोरवा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व पं ब्रम्हानंद तिवारी की पत्नी, पं रामचंद्र तिवारी, जगदीश तिवारी, अधिवक्ता रविशंकर तिवारी की माता थीं।

### विजय मौर्य



**बिलासपुर।** तोरवा निवासी विजय मौर्य पिता स्व राम आसरे मौर्य का बुधवार को निधन हो गया। वे 48 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार सुबह 10 बजे तोरवा मुक्ति धाम के लिए निकलेगी। वे अशोक मौर्य के भाई थे।

### देवकी त्रिपाठी



**बिलासपुर।** राजघराना कालोनी उसलापुर निवासी देवकी त्रिपाठी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे पं आदित्य प्रसाद त्रिपाठी की पत्नी, पं ब्रजेश त्रिपाठी, पं आलोक त्रिपाठी, पं अभिनव त्रिपाठी की माता थीं।

### विनय सिंह ठाकुर



**बिलासपुर।** तेलीपारा निवासी विनय सिंह ठाकुर का निधन 26 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अगस्त को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे अमन सिंह ठाकुर, भानु प्रताप सिंह ठाकुर, सुभानी सिंह ठाकुर के पिता थे।

### राम प्रताप यादव



बिलासपुर। विनोबा नगर निवासी राम प्रताप यादव बाबा का 27 अगस्त को निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 28 अगस्त को सरकंडा मुक्तिधाम में दोपहर 12 बजे किया जाएगा। वे विकास यादव और एकता के पिता थे।

### गोरेलाल कुपेंद्र



**मस्तूरी।** मस्तूरी के प्रतिष्ठित नागरिक गोरेलाल कुपेंद्र का 59 वर्ष की आयु में 26 अगस्त मंगलवार की रात्रि को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अगस्त बुधवार को 12 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे चंद्रकांत कुपेंद्र एवं श्रीकांत कुपेंद्र के पिताजी थे।

### घनश्याम सोनी



**मुंगेली।** सोनारपारा निवासी सराफा व्यवसायी घनश्याम सोनी की उम्र 69 वर्ष की आयु में 26 अगस्त की रात आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अगस्त बुधवार को खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे। वे सराफा संघ के अध्यक्ष धीरज सोनी के चाचा एवं उत्कर्ष सोनी के पिता थे।

### राजेश कुमार साहू



**तखतपुर।** बैगाकापा निवासी राजेश कुमार साहू का 50 वर्ष की आयु में 26 अगस्त को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बैगाकापा में किया गया। वे सागर साहू, संध्या साहू, नेहा साहू के पिता एवं राजकुमार साहू, ध्रुव कुमार साहू, डॉ प्रहलाद साहू, डॉ शिव साहू के भाई थे।

### अर्चना कौशिक



**तखतपुर।** ग्राम टांडा निवासी श्रीमती अर्चना कौशिक की 40 वर्ष की आयु में 25 अगस्त को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम टांडा में किया गया। वे शत्रुहन प्रसाद कौशिक के पत्नि थीं।

## सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर की अखंड सुहाग की कामना

# तीज पर क्षेत्र में दिखा आस्था व आनंद का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



सीपत क्षेत्र में सोमवार को महिलाओं ने पारंपरिक उल्लास और आस्था के साथ तीज पर्व का उत्सव मनाया। सुबह से ही गांव और कस्बों में सजी-धजी महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। लाल-हरे परिधान, हाथों में मेहंदी, माथे पर बिंदी और सोलह श्रृंगार से सजी महिलाएं तीज माता की पूजा-अर्चना में शामिल हुईं।

इस अवसर पर महिलाओं ने माता पार्वती और भगवान शिव की आराधना कर अपने पति की दीर्घायु, परिवार की समृद्धि और वैवाहिक जीवन की खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए और सामूहिक रूप से झूला झूलते हुए उत्सव का आनंद लिया। ग्रामीण अंचलों से लेकर कस्बाई इलाकों तक तीज पर्व की रौनक साफ दिखाई दी। जगह-जगह सामूहिक भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक आयोजन हुए। घर-घर में स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू फैली रही, वहीं तीज के गीतों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सीपत क्षेत्र की महिलाओं ने बताया कि तीज सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि नारी शक्ति, आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपनी सखियों और परिवारजनों के साथ मिलकर उल्लासपूर्वक पर्व को मनाती हैं। पूरे दिन भर हंसी-खुशी, उमंग और पारंपरिक रंग में रंगे इस आयोजन ने माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया।

### कौशिक ने पत्नी एवं सुपुत्रियों के साथ मनाया पर्व



**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने तीज पर्व पर अपनी धर्मपत्नी एवं सभी सुपुत्रियों सुचित्रा वर्मा, पुष्पा वर्मा, मधुलता कौशिक एवं माधुरी वर्मा के साथ परसदा निवास स्थित मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समस्त परिवार एवं क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। उन्होंने सभी माताओं बहनों को अखंड सौभाग्य के पावन पर्व हरतालिका तीज की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि त्यौहार दांपत्य प्रेम का प्रतीक है। यह त्यौहार हमें याद दिलाता है कि आपके जीवनसंगिनी का त्याग और समर्पण एक सुखी परिवार की नींव है। महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण से ही समाज मजबूत होगा।

### मंदिरों और घरों में महिलाओं ने मनाया तीज



**करगी रोड कोटा।** नगर में सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका पर्व उत्साहपूर्वक मनाया। नगर के मंदिरों और घरों में सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका तीज पर्व बड़े ही उत्साह और श्रद्धा भाव से पूजा की। सुबह से ही महिलाएं सज धज कर व्रत एवं पूजा-अर्चना में जुटी रहीं। मंदिरों में विशेष सजावट की गई तथा फुलहरा बनाकर माता पार्वती और भगवान शिव की प्रतिमाओं का विधिविधान से पूजन किया गया। इस अवसर पर पति की लंबी उम्र था गृह शांति, एवं कुंवारी कन्याओं एवं महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर अखंड सुहाग और अपने पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। नगर के विभिन्न मंदिरों एवं घरों में मंगल गीतों और भजनों की गूंज रही। वहीं घर-घर में सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा सम्पन्न की। पर्व के अवसर पर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे नगर का वातावरण धार्मिक आस्था एवं भक्ति भाव से सराबोर रहा। मस्जिद पारा में संजू महाराज ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई।

### साईं मंदिर प्रांगण में तीज की धूम



**पेंड्रा।** गौरेला साईं मंदिर प्रांगण में स्थानीय महिलाओं ने तीज के मौके पर पूजन किया गया। 3 दिन चलने वाला तीज पर्व की शुरुआत करू भात से हुई एवं दूसरे दिन फुलहरा सजाकर भगवान शिव एवं माता पार्वती का विधि-विधान से पूजन किया गया। महिलाओं ने रात्रि जागरण कर उत्साह के साथ तीज पर्व को मनाया। पूजन कार्यक्रम में चित्राणी जयसवाल, अलका शर्मा, चंदा जयसवाल, अर्चना गुप्ता, खुशबू राय, निशा गुप्ता, सुप्रिया, सुजाता, सुधा गुप्ता, रज्जी विश्वकर्मा, अंजू विश्वकर्मा, वीना विश्वकर्मा, सारिका, संध्या सहित कई महिलाएं शामिल रहीं।

### निर्जला व्रत रख मांगी पति की लंबी आयु



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व तीज के अवसर पर अंचल की माताओं-बहनों ने अखंड निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी आयु की कामना की। महिलाओं ने भगवान शिव व पार्वती का पूजन कर रीति-रिवाज के साथ तीज मनाया। लोरमी से लगे ग्राम सरई पतेरा में स्व केजूराम कश्यप के परिवार में माताओं-बहनों ने मिलकर पूरे उत्साह व उमंग से तीज पर्व मनाया। इस दौरान गांव में सबके घरों में निमंत्रित भोज, गांव के देव स्थलों का दर्शन, ग्राम भ्रमण, पुरानी सखी सहेलियों संग मिलना जुलना, बड़े बुजुर्गों का आशीष, सुहागिन उपहार बड़ो से प्राप्त करने जैसे कई सुंदर दृश्य दिखाई दिए। इस अवसर जानकी, कलिंद्री, राजकुमारी, बेटियां साधना, रमा, नातिन पुष्पा, शोभन, पिंकी, मधु, संगीता, कुसुम, कविता, विया, प्रिया, पीहू, चारु, छोटी, जाह्नवी, मानवी, रीति, राघव, अतुल, योगेंद्र कश्यप ने मिलकर तीज का आनंद लिया।



## 11 स्कूल के 5 हजार बच्चों ने दिया सायबर जागरूकता का संदेश

**मुंगेली।** एसपी भोजराम पटेल के निर्देशन में जिले में पहल अभियान चलाया जा रहा है। जिले में 11 विद्यालय के 5 हजार विद्यार्थी एवं स्कूल के शिक्षकों ने हाथ में मेंहदी लगाकर एवं मानव श्रृंखला बनाकर सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वामी आत्मानन्द स्कूल दाऊपारा, नवोदय विद्यालय दाबो, जेसीस स्कूल, रैंबो स्कूल, सेन जेवियर्स स्कूल, अल्फा पब्लिक स्कूल, कस्तूरबा स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, शासकीय कन्या विद्यालय, अम्बेडकर स्कूल, सोनकर स्कूल मुंगेली के विद्यार्थी शामिल रहे। 'पहल' कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी उत्तम शिक्षा व आत्मविश्वास को मजबूत करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कुल 11 स्कूल के 5000 विद्यार्थियों ने सायबर अपराध, यातायात के नियम व उसके पालन, नशामुक्ति एवं बच्चों व महिलाओं से संबंधित अपराधों के संबंध में ड्रॉइंग पेंटिंग, अपने हाथों में मेहंदी से लिखा पहल एवं मानव श्रृंखला बनाकर जागरुकता का संदेश दिया। बदलाव की शुरुआत सुरक्षा के साथ एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक संदेश है। यह न केवल व्यक्तिगत जीवन में बल्कि सामाजिक और सामुदायिक स्तर पर भी लागू होता है। सुरक्षा के साथ बदलाव की शुरुआत करने से हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि, हमारे प्रयास स्थिर, सुरक्षित और दीर्घकालिक होंगे। जब हम सामाजिक बदलाव की बात करते हैं, तो सुरक्षा के साथ शुरुआत करना महत्वपूर्ण है। इससे हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे प्रयासों से किसी को नुकसान न पहुंचे और सभी के लिए सकारात्मक परिणाम हों। व्यक्तिगत विकास व्यक्तिगत स्तर पर, सुरक्षा के साथ बदलाव की शुरुआत करने से हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक स्थिर और सुरक्षित मार्ग पर चल सकते हैं। सामुदायिक विकास सामुदायिक स्तर पर, सुरक्षा के साथ बदलाव की शुरुआत करने से हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे प्रयासों से समुदाय के सभी सदस्यों को लाभ पहुंचे और उनकी सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित हो। कुल मिलाकर, बदलाव की शुरुआत सुरक्षा के साथ एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है जो हमें अपने प्रयासों में स्थिरता, सुरक्षा और सकारात्मकता लाने में मदद कर सकता है। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी कर्मचारी शत्रुहन खूंटे, बबीता श्रीवास सहित पुलिस बाल मित्र व शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## वनकर्मियों को दिया बीट जांच प्रशिक्षण

**लोरमी।** वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र में वनमंडल अधिकारी अभिनव कुमार के निर्देशानुसार 26 अगस्त को वन कर्मचारियों हेतु बीट जांच प्रशिक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन परिसर चंदूपारा कक्ष क्रमांक 534 में किया गया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वन क्षेत्र में नियमित बीट निरीक्षण की प्रक्रिया, प्रपत्रों का संधारण, वन अपराधों की रोकथाम तथा क्षेत्रीय कार्य की गुणवत्ता में सुधार करना था। कार्यक्रम में कर्मचारियों को बीट पुस्तिका, आवश्यक रजिस्टरो का संधारण, वन अपराध अभिलेख तथा अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों के संधारण की जानकारी दी गई। क्षेत्र भ्रमण के दौरान वृक्ष प्रजातियों की पहचान, वन सुरक्षा उपाय तथा अवैध गतिविधियों की रोकथाम संबंधी पहलुओं पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने कर्मचारियों से अपेक्षा व्यक्त की, कि वे प्राप्त प्रशिक्षण को अपने दैनंदिन कार्यों में लागू कर वन क्षेत्र की सुरक्षा एवं संरक्षण में प्रभावी योगदान देंगे।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में आत्मानंद स्कूल प्रथम

**मुंगेली।** सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषयक हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं की सहभागिता से वाद विवाद प्रतियोगिता पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दाऊपारा आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता का आरंभ स्कूलों में 15 अगस्त के कार्यक्रम के साथ हुआ था। विकासखंड स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में क्लब संकुल के 8 टीम पक्ष एवं 8 टीम विपक्ष में शामिल हुए। प्रतियोगिता में शासकीय हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी स्कूल टेमरी, दशरंगपुर, पीएमश्री सेजेस दाऊपारा, पीएमश्री बीआरसाव, करही, नवागांव चीनू, पंडरभट्ठा, फास्टरपुर, बरेला, धरमपुरा, नगर पालिका एवं कन्या मुंगेली के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पांच सदस्यीय निर्णायक दल में वरिष्ठ व्याख्याता सांत्वना दत्ता, वरिष्ठ नागरिक सुभाष चंद्र दीक्षित, स्वयं सेवी संस्था से रामपाल सिंह ठाकुर संयोजक स्टार ऑफ टुमारो, यातायात पुलिस विभाग से यशवंत सिंह सहा. उप निरीक्षक एवं वरिष्ठ शिक्षिका के रूप में पूर्णिमा मिश्रा, प्राचार्य शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर शामिल होकर निर्णय दिया। प्रतियोगिता का आयोजन गृह विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है जो राज्य स्तर तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बावरे, प्राचार्य डॉ. आईपी यादव, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सूर्यकांत उपाध्याय ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके किया। विकासखंड स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम दाऊपारा, द्वितीय स्थान क्लब संकुल पंडरभट्ठा एवं तृतीय पुरस्कार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. आईपी यादव, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक सूर्यकांत उपाध्याय, विकासखण्ड परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन रविन्द्र कुमार तिवारी, प्रधान पाठक मुकेश तिवारी, सीएसी चंद्रशेखर उपाध्याय, सीएस नेमीचंद भास्कर, कंप्यूटर ऑपरेटर केशव पटेल, सहायक शिक्षक गोविंद पटेल, व्याख्याता डॉ. रामबाबू मिश्र, सीएसी गौकरण डिंडोले एवं प्रभारी शिक्षकों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन सीएसी चंद्रशेखर उपाध्याय एवं आभार प्रदर्शन बीआरसीसी सूर्यकांत उपाध्याय ने किया।

■ प्रतियोगिता में 8 टीम पक्ष व 8 विपक्ष में रही

## मेगा हेल्थ शिविर में की गई ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच



**लोरमी।** महिला एवं बाल विकास परियोजना लोरमी द्वारा रजत जयंती महोत्सव 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन 50 बिस्तर अस्पताल लोरमी में किया गया।

शिविर में एच बी टेस्ट, स्वास्थ्य जांच, गर्भवती माता, शिशुवती माता, बच्चों की स्वास्थ जांच एवं उपचार किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप में छेदू यादव उपस्थित रहे। इस दौरान परियोजना अधिकारी रेखा दुआ ने महिला एव बाल विकास विभाग की ओर से संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, पर्यवेक्षक प्रीती तिवारी सहित डॉक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाफ उपस्थिति रहे।

## सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष का तखतपुर दौरा, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ प्रदेश भर की पंचायतों का दौरा कर समाज के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समाज में बढ़ रही कृतियां पुल पार्टी एवं कॉकटेल पार्टी पर प्रदेश पंचायत की ओर से लगाए गए प्रतिबंध को सभी पंचायतों में लागू करने को कहा। इसी कड़ी में उन्होंने तखतपुर पंचायत का दौरा किया, जहां समाज की वर्तमान परिस्थितियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

इस महत्वपूर्ण बैठक में तखतपुर पंचायत ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा, जिसमें पंचायत के सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि, प्रदेश की किसी भी पंचायत में जब भी अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो, तो उनका चुनाव कराने के बजाय आम सहमति से नए अध्यक्ष की नियुक्ति की जाए। पंचायत का मानना है कि चुनाव की प्रक्रिया से कई बार आपसी मनमुटाव और दूरी आ जाती है, जबकि आम सहमति से लिया गया निर्णय समाज में बेहतर तालमेल और सद्भाव को बढ़ावा देता है। इस भेंट-मुलाकात में तखतपुर पंचायत के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे, जिनमें मुखी राकेश मंदानी, उपाध्यक्ष हेमराज मंगलानी, सचिव दिलीप तोलानी, सह सचिव नोतन टेकवानी, कोषाध्यक्ष मुरली गागवानी, प्रभारी प्रताप कुकरेजा, और किशन सचदेव, रोचीराम तोलानी, विनोद तोलानी, कन्हैया सन्तानी, संतराम मनचंदानी, मुरली रामानी, धनराज तोलानी, सुरेश होतचंदानी, अजय सन्तानी, अभिषेक सन्तानी, लकी कारड़ा, गिरीश कुकरेजा, लालचंद पर्याणि, जगदीभारती, शंकर मंछानी, आकाश चांदवानी, लक्ष्मणदास तोलानी, सतीश तोलानी आदि व्यक्ति शामिल थे। इसके साथ ही, महिला समिति की सदस्याएं शारदा चांदवानी, कविता सचदेव, सोनी सचदेव, कोमल लालचंदानी, सौम्या मंदानी, पूजा सचदेव, भारती चांदवानी भी उपस्थित थीं। प्रदेश कमेटी के आगमन पर सभी ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और उम्मीद जताई कि उनके सुझावों पर जल्द ही विचार किया जाएगा।

## दुकान के भीतर युवक की मौत का मामला: संचालक पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



मृतक।

दुकान में चोरी की नीयत से घुसे युवक की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने पोस्टमार्टम एवं विद्युत विभाग से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दुकान संचालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

दरअसल जरेली मेन रोड में भागीरथी जायसवाल की शिवा ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। 16 अगस्त की रात नगोई निवासी अर्जून पात्रे चोरी की नीयत से दुकान में घुसा एवं करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। अगले दिन पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बिजली के करंट से मृत्यु होना प्रमाणित हुआ, साथ ही विद्युत विभाग ने भी इस आशय का प्रतिवेदन दिया था। पुलिस को दुकान संचालक भागीरथी जायसवाल ने बताया कि, चोरी के डर से वह खाली जगह पर करंट के लिए तार लगा देता था। ऐसे में यदि कोई चोरी करने के लिए दुकान में घुसेगा, तो तार को हटाने का प्रयास करेगा करंट के झटके से बाहर जा गिरेगा। ऐसे में यह अनुमान लगाया गया कि, मृतक दुकान में चोरी की नीयत से घुसा रहा होगा, और करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई होगी। पुलिस ने दुकानदार की बयान व पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर दुकान संचालक के खिलाफ धारा 106,1 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## सड़क और पानी विकास की पहली सीढ़ी: धर्मजीत

# विधायक के प्रयास से 1 करोड़ 28 लाख रूपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

चार पंचायतों में बनेगी सीसी रोड व नाली



विधायक धर्मजीत सिंह के प्रयास से विकासखंड तखतपुर की चार पंचायतों में सीसी रोड़ और नाली निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 28 लाख रूपए की राशि स्वीकृत हुई है।

राशि स्वीकृति पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, छत्तीसगढ़ की भाजपा की सरकार विकास को लेकर कृत संकल्पित है। भाजपा की सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करती है। हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश का विकास करना है, और विकास की पहली सीढ़ी सड़क और पानी है। सड़क आवागमन को सुगम बनाती है, और इससे ही विकास की रफ्तार की गति पकड़ती है। उन्होंने कहा कि, वे पूरे विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं, और हमेशा क्षेत्र के समस्याओं को लेकर वे विधानसभा में भी वे मुखर होते है। उन्होंने बताया कि, जनपद पंचायत तखतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत जरौंधा में सीसी रोड़ और नाली निर्माण के लिए 38 लाख 40 हजार, चनाडोंगरी में सीसी रोड व नाली निर्माण के लिए 25 लाख 80 हजार, खम्हरिया में सीसी रोड़ व नाली निर्माण के लिए 25 लाख 80 हजार, ग्राम पंचायत नेवरा में सीसी रोड़ व नाली निर्माण के लिए 38 लाख 40 हजार रूपए की राशि स्वीकृति हुई है। इन पंचायतों में निर्माण कार्य पूरे हो जाने से गांव की मूलभूत समस्याओं का निराकरण हो सकेगा।


### आम सूचना

मौजा मोपका प.ह.नं. 19/29, रा.नि.म. मोपका तहसील बिलासपुर, अंतर्गत नगर पालिका निगम बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. क्षेत्रांतर्गत स्थित भूमि खसरा नं. 394/2 में से क्षेत्रफल 2300 वर्गफुट है जिसे श्री एहसानुल हक पिता इकरामुल हक निवासी गोडपारा करोना चौक बिलासपुर छ.ग. के द्वारा निर्मला रात्रे पति गोविंद राम रात्रे निवासी घ.न. 20 नयाक पारा वार्ड नं. 16 पचपेड़ी तहसील पचपेड़ी जिला बिलासपुर छ.ग. के पक्ष में इकरारनामा दिनांक 10/04/2025 निष्पादित किया गया है। निर्मला रात्रे द्वारा उक्त भूमि को बंधक कर टाटा कैपिटल हाउसिंग फायनेंस बैंक बिलासपुर छ.ग. से ऋण लिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, वित्तिय संस्थान, बैंक, समिति को कोई आपत्ति हो तो अविलंब दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधी पश्चात आपत्ति अमान्य होगा। सो सूचना जानें।

दिनांक: 23/08/2025

भवदीय
M.L. YADAV
Advocate
MIG-2/14, Narmada Nagar
BILASPUR (C.G.)
Mob.9300325314

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर
जिला बिलासपुर
मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ: जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00036 जूना बिलासपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT2024254 00108400498

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00036 के अंतर्गत ग्राम जूना बिलासपुर के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमति रश्मि कनकने पिता/पति-पति कुलदीप कनकने पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 351/4 (0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जयदीप कनकने पिता/पति-कुलदीप कनकने पता-28/292, कान्हा मेडिकल एजेंसी, तेलीपारा, बिहाइंड होटल अजीत, मेडिकल काम्प्लेक्स, बिलासपुर, छ.ग. 495001 के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/09/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/2025 को जारी किया जाता है।
तहसीलदार, तहसील - बिलासपुर

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर
जिला बिलासपुर
मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ: जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00036 जूना बिलासपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT2024254 00108400497

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00036 के अंतर्गत ग्राम जूना बिलासपुर के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमति रश्मि कनकने पिता/पति-पति कुलदीप कनकने पता-तेलीपारा बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 351/3 (0.0040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जयदीप कनकने पिता/पति-कुलदीप कनकने पता-28/292, कान्हा मेडिकल एजेंसी, तेलीपारा, बिहाइंड होटल अजीत, मेडिकल काम्प्लेक्स, बिलासपुर, छ.ग. 495001 के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/09/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/2025 को जारी किया जाता है।
तहसीलदार, तहसील - बिलासपुर

### आम सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तालापारा प.ह.नं. 39 रा.नि.म. जूना बिलासपुर महत बाड़ा के पास त.व. जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमी ख.नं. 138/7 रकबा 0160 हेक्. भूमी वर्तमान राजस्व अभिलेख में निर्मल दास उर्फ छोटे पिता मूसा दास, व कांता, चंदा, नम्रता, नवीन, नितिन, नीलम, प्रवीण, किलिक्स, मधुबाला, ममता अन्य के नाम उक्त भूमी में पक्षकारों का खानदानी भूमी है उक्त भूमी का क्रय करने के पक्का सौदा मेरे पक्षकार सचदेव दास गौतम पिता सुमिरन दास गौतम निवासी देवी नगर बिलासपुर के द्वारा किए गया है किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय व अशासकीय संस्था को आपत्ती हो तो मेर कार्यालय में 7 दिवस के भीतर आपत्तीमय सुंसगत दस्तावेज के रूप मेरे समक्ष पेश करे अन्यथा बैनामा का निष्पादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात प्रस्तुत की गयी दावा आपत्ति झूठा व शून्य माना जावेगा।

भवदीय
दिनेश लहरे अधिवक्ता
पता- महाराणा प्रताप चौक व्यापार विहार रोड बिलासपुर मो 9827113771

## खबर संक्षेप

### दुर्लभ सत्संग व रामकथा आज से, निकलेगी मंगल यात्रा



बिलासपुर। परमश्रद्धेय स्वामी रामसुख दास महाराज के आशीर्वाद स्वरूप श्रीमद भागवत गीता साधक संजीवनी पर आधारित दुर्लभ सत्संग व रामकथा का आयोजन परमश्रद्धेय श्री आनंद जी ब्रम्हाचारी ऋषिकेश के पावन सानिध्य में गुरुवार 28 अगस्त से 3 सितंबर तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम हाटल इम्पीरियल पैराडाइज यश पैलेश पुराना हाईकोर्ट के पास होगा। इसके आयोजक सनातन साहित्य उत्थान समिति ने बताया कि सुबह 5 बजे से 7 बजे तक प्रार्थना प्रवचन और प्रभातफेरी होगी। दोपहर 2.30 बजे से भजन कीर्तन, दोपहर 3 बजे रामकथा सत्संग प्रवचन प्रश्नोतरी शंका समाधान का कार्यक्रम होगा। श्री सनातनत संस्कृति मंगल यात्रा 28 अगस्त को सुबह 11 बजे खाटू श्याम मंदिर से प्रारंभ होकर यश पैलेश पहुंचेगी।

### तोखन करेंगे सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ कल



बिलासपुर। युवाओं में खेल प्रतिभा और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल की शुरुआत हो रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू 29 अगस्त को सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ करेंगे। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया' मिशन को आगे बढ़ाना और स्थानीय खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच देना है। इस महाअभियान का पहला चरण बिलासपुर और मुंगेली जिलों में एक साथ शुरू होगा। मंत्री श्री साहू बिलासपुर में स्वर्गीय बीआर यादव अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम बहतराई में सुबह 7. 30 बजे और मुंगेली के श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में दोपहर 2 बजे पंजीयन प्रक्रिया का उद्घाटन करेंगे। पंजीयन 29 अगस्त से शुरू होकर 20 सितंबर तक चलेगा। खेल प्रतियोगिताएं 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक ग्राम, ब्लॉक और संसदीय क्षेत्र के स्तर पर होगी।

### डा. हिमानी चला रहीं एक पेड़ धरती मां के नाम, नि:शुल्क पौध वितरण



बिलासपुर। एक पेड़ धरती मां के नाम अभियान चलाकर गुरुकृपा दंत चिकित्सालय द्वारा औषधि और पौधे दान कर पर्यावरण को हरा भरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इसमें दंत चिकित्सक डा. हिमानी चौरसिया और उनका पूरा परिवार का सहयोग मिल रहा है। इस संबंध में डा. हिमानी ने बताया कि सोचिए हम धरती मां को क्या दे सकते हैं, हम अपनी धरती मां को सर्वोत्तम भेंट एक पेड़ लगाकर दे सकते हैं। यह किसी भी मनुष्य के लिए सबसे आसान काम है, जो हमें जरूर करना चाहिए। जब हम कोई फल खाते हैं तो उसका बीज कहता है, मेरे फल ने तुम्हें पोषण दिया, रस दिया, तृप्त किया, क्या तुम मुझे एक पेड़ बनने का मौका नहीं दोगे? एक बीज कितना अद्भुत होता है कि एक छोटे से बीज में एक ऐसी अद्वितीय शक्ति होती है जो कि एक पूरे पेड़ को तैयार कर सकती है। जिससे उसी का फल और बीज पुनः तैयार हो जाए। इसी सोच को आधार मानकर हम सपरिवार पिछले 8 साल से खाए गए फलों के बीज से पौधे तैयार करके लोगों को नि:शुल्क वितरित करते हैं।

### महिलाओं ने की हरितालका पर शंकर पार्वती की पूजा



बिलासपुर। तीजा हरितालिका व्रत शंकर पार्वती की पूजा अर्चना करते हुए अपने पति परमेश्वर की खुशहाल जिंदगी आयु के लिए पूजा अर्चना की जाती है। इस पर्व पर मसानगंज सरजू बगीचा में रहने वाले अवस्थी परिवार की सभी महिलाओं ने यह पूजा की।

### खेल दिवस पर अखिल भारतीय मैराथन कल



बिलासपुर। दादा ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को अभा मैराथन का आयोजन बिलासपुर में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेयरस फाउंडेशन के तत्वावधान व समस्त खेल संघ द्वारा अखिल भारतीय मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन सीएमडी चौक से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक, हरिभूमि चौक, नेहरू चौक, तिलक नगर कंपनी गार्डन गोल बाजार जूना बिलासपुर गांधी चौक, पुराना हाईकोर्ट, शिव टाकीज चौक, इंदिरा गाँधी, चौक तारबहार चौक सीमडी चौक होते हुए सीएमडी ग्राउंड में समाप्त होगा। छत्तीसगढ़ स्टेयर्स के हेड मुकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर के 2000 से अधिक एथलीट भाग लेंगे। देशभर से 30 राज्यों से अधिक एथलीट ने अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शाम 5 बजे से युथ कैफ़े एंड रेस्टोरेंटसी एम डी चौक अम्बे अंजनी प्लाजा बिलासपुर में करा सकते हैं। टी शर्ट व चेस्ट नंबर प्राप्त कर सकेंगे। प्रथम पुरस्कार 1 एक लाख, द्वितीय 31000 हजार, तृतीय 21000, चतुर्थ 11000, पंचम 5000 की इनामी राशि व 11 सांत्वना पुरस्कार नकद दी जाएगी। दौड़ेगा बिलासपुर जीतगा बिलासपुर फिट रहेगा बिलासपुर अभियान के तहत ये आयोजन रखा गया है। इसे सफल बनाने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, खेल व युवा कल्याण विभाग, नगर निगम बिलासपुर से सहयोग लिया जा रहा है। भाग लेने के लिए पंजीयन ऑनलाइन क्यू आर कोड़ में स्कैन कर करा सकते हैं।

**इसी महीने से प्रारंभ होनी थी नई व्यवस्था** | ऋण पुस्तिका के लिए राजस्व विभाग के चक्कर लगाने की थी मजबूरी

# ऋण पुस्तिका भी अब ऑनलाइन देने की तैयारी, लेकिन कई पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमीन की रजिस्ट्री होते ही स्वमेव नामांतरण की व्यवस्था के बाद शासन द्वारा अब ऋण पुस्तिका भी ऑनलाइन जारी करने की तैयारी की जा रही है। ऑनलाइन ऋण पुस्तिका देने की जिम्मेंदारी रजिस्ट्री विभाग की नहीं, बल्कि राजस्व विभाग की होगी। ऋण पुस्तिका ऑनलाइन जारी करने की व्यवस्था अगस्त माह से ही लागू की जानी थी, लेकिन इसमें कई तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं, जिन पर फिलहाल काम चल रहा है।

- तकनीकी में आ रही खराबी फिर भी इसे अमल में लाने प्रशासन कर रही तैयारी

जमीन खरीदने वाले पक्षकारों के लिए यह एक अच्छी खबर हो सकती है। अब जमीन की ऋण पुस्तिका भी ऑनलाईन जारी करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए पक्षकारों को बार-बार राजस्व विभाग के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नई व्यवस्था के अनुसार भूमि की रजिस्ट्री व नामांतरण के बाद रजिस्ट्री विभाग द्वारा संबंधित पक्षकारों के दस्तावेज संबंधित तहसीलदारों के पोर्टल में प्रेषित कर दिए जाएंगे। इसके बाद निर्धारित अवधि में तहसीलदारों द्वारा ऑनलाइन ऋण पुस्तिका जारी कर दी जाएगी। राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस प्रक्रिया को जितना आसान समझा जा रहा है, वास्तव में यह इतना आसान नहीं है। इसमें कई पेचीदगियां भी हैं, जब तक नामांतरण पंजी तहसीलदार को उपलब्ध नहीं कराई जाएगी, तब तक ऋण पुस्तिका कैसे जारी की जा सकेगी। नाम नहीं छापने की शर्त पर राजस्व विभाग के ही एक अधिकारी ने बताया कि कई बार अधिक रकबे की रजिस्ट्री हो जाती है, जबकि मौके में उतनी जमीन ही नहीं होती। ऐसी हालत में केवल रजिस्ट्री-नामांतरण के दस्तावेजों में दर्ज रकबा ऋण पुस्तिका में भी चढ़ाकर जारी कर देना तहसीलदार के लिए संभव नहीं होगा। हालांकि इन सभी तकनीकी दिक्कतों पर फिलहाल काम चल रहा है। यही कारण है कि अगस्त माह में ही लागू हो जाने वाली यह नई व्यवस्था अब तक प्रारंभ नहीं की जा सकी है।



**पक्षकारों के लिए सिरदर्द हुआ ऋण पुस्तिका बनवाना**

पहले जमीन से संबंधित किसी भी तरह के काम के लिए सिर्फ राजस्व विभाग की ओर ध्यान जाता था। इसके विपरीत आज की स्थिति में अब यह काम दो विभागों में बंट गया है। भूमि की खरीदी करने वाले पक्षकारों को रजिस्ट्री के साथ ही अपनी जमीन के नामांतरण की सुविधा तो रजिस्ट्री विभाग से मिल जा रही है, लेकिन उसी जमीन की ऋण पुस्तिका बनवाने के लिए राजस्व विभाग के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। एक ही काम के लिए दो-दो विभागों पर निर्भरता से पक्षकारों को अब अधिक परेशान होना पड़ रहा है।

**रजिस्ट्री विभाग नहीं जारी कर रहा**

रजिस्ट्री के समय ही नामांतरण के साथ-साथ ऋणपुस्तिका भी ऑनलाइन जारी करने जैसी प्रक्रिया रजिस्ट्री विभाग द्वारा फिलहाल नहीं की जा रही है, लेकिन हो सकता है कि आने वाले समय में इस पर अमल किया जाए।

-**उषा साहू**, डीआईजी रजिस्ट्री विभाग

**जारी की जाएगी ऋण पुस्तिका**

ऋण पुस्तिका भी अब ऑनलाइन जारी करने की तैयारी चल रही है। रजिस्ट्री विभाग द्वारा रजिस्ट्री-नामांतरण के बाद पक्षकारों के दस्तावेज संबंधित तहसीलदारों को उपलब्ध करा दिए जाएंगे, जिसके आधार पर ऋण पुस्तिका ऑनलाइन पद्धति से जारी कर दी जाएगी। नई व्यवस्था इसी महीने से ही प्रारंभ होने वाली थी। ऑनलाइन ऋण पुस्तिका जारी करने में कुछ तकनीकी अड़चनें भी आ रही हैं, जिनका समाधान किया जा रहा है।

-**मनीष साहू**, एसडीएम

## तेज हुई अरपा की धार...



बिलासपुर। कोटा क्षेत्र में मंगलवार की रात हुई तेज बारिश के प्रभाव से अरपा नदी में पानी का बहाव तेज हो गया है। रपटा में बुधवार को पूरे दिन पानी की तेज धार चलती रही, जिसे देखने पूरे दिन रपटा पर लोगों की भीड़ जुटी रही। तेज बारिश का लगातार इंतजार कर रहे लोगों को अरपा में पानी का तेज बहाव देखकर कुछ संतोष हुआ होगा।

## महापात्रा ने संभाला एसईसीएल तकनीकी निदेशक का पदभार



बिलासपुर। रमेश चंद्र महापात्रा ने एसईसीएल निदेशक (तकनीकी) का पदभार 27 अगस्त को ग्रहण कर लिया। इस दौरान सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन ने एसईसीएल परिवार में उनका हार्दिक स्वागत करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्रीमती शुभश्री महापात्रा की विशेष उपस्थिति रही। एसईसीएल निदेशक (तकनीकी) संचालन एन फ़्रेंकलिन जयकुमार एवं निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने भी श्री महापात्रा से भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। एसईसीएल में निदेशक (तकनीकी) का पदभार संभालने से पूर्व श्री महापात्रा ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के झांझरा क्षेत्र में क्षेत्रीय महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे।

**खनन क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक समय का अनुभव**

खनन क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक समय का अनुभव रखने वाले श्री महापात्रा परिचालन में रणनीतिक दृष्टिकोण और नवाचारी नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने आईआईटी-बीएचयू से 1990 में माइनिंग इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की है। श्री महापात्रा ने मानव संसाधन प्रबंधन में एमबीए किया है और वे इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के फेलो भी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एसईसीएल के कोरबा क्षेत्र स्थित सूराकछार कोलियरी से की और उन्हें कोलियरी मैनेजर, प्रोजेक्ट ऑफिसर से लेकर अतिरिक्त महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक जैसे पदों पर कार्य करने का व्यापक अनुभव है। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने सीआईएल की कुछ सबसे बड़ी भूमिगत एवं ओपनकास्ट खनन परियोजनाओं का सफल नेतृत्व किया है। उत्पादन वृद्धि, आधुनिक प्रौद्योगिकियों के समावेश, भूमि एवं पुनर्वास संबंधी जटिल मुद्दों के समाधान तथा समुदायों के साथ मजबूत जुड़ाव स्थापित करने में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारतीय कोयला क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें अफ्रीकन माइनिंग इंदाबा (केप टाउन, दक्षिण अफ्रीका) और चेक गणराज्य में औद्योगिक सहयोग वार्ताएं शामिल हैं।

### शासन ने माना 60 प्रतिशत ही असली हितग्राही

# 40% एपीएल राशन कार्डधारियों ने अब तक नहीं कराया ई-केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चालीस प्रतिशत एपीएल राशन कार्डधारियों ने आज दिनांक तक अपना ई-केवायसी अपडेट नहीं कराया है। यही कारण है कि शासन ने ई-केवायसी करा लेने वाले 60 प्रतिशत एपीएल राशन कार्डधारकों को ही अपना वास्तविक हितग्राही माना है। जिले में खाद्यान्न के उठाव का औसत प्रतिशत 65 से 70 है, जबकि बीते तीन माह का उठाव 70 प्रतिशत पार कर चुका है। ऐसी स्थिति में सरकार यह मानकर चल रही है कि सारे वास्तविक हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त हो चुका है।

- 65 से 70 प्रतिशत रेगुलर औसत है उठाव का

एपीएल श्रेणी वाले कुछ राशन कार्डधारियों को अगस्त महीने का खाद्यान्न अब तक नहीं मिल पाने के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। अब तक यह समझा जा रहा था कि राशन दुकानों में अगस्त का चावल अब तक नहीं उठा पाने वाले एपीएल कार्डधारियों को अब मिलने लगा है, वहीं जिन दुकानों में चावल का स्टाक नहीं है वहां जल्द ही नान के द्वारा भंडारण कर दिया जाएगा। जबकि सच्चाई यह है कि जिन 40 प्रतिशत एपीएल राशन कार्डधारियों ने अब तक अपना ई-केवायसी अपडेट नहीं कराया है सरकार उन्हें संदेह के दायरे में रख रही है। शासन द्वारा बीते एक साल से बीपीएल व एपीएल राशन कार्डधारियों को अपना-अपना ई-केवायसी अपडेट कराने संबंधी निर्देश जारी किए गए थे। इसके अंतर्गत बीपीएल कार्डधारियों द्वारा शत प्रतिशत ई-केवायसी कराया जा चुका है, वहीं नुकसान हो जाने के भय से 60 प्रतिशत एपीएल कार्डधारियों ने भी अपना ई-केवायसी अपडेट करा लिया था। इसके विपरीत 40 प्रतिशत हितग्राही अब भी ऐसे हैं, जिन्होंने आज दिनांक तक अपना ई-केवायसी अपडेट नहीं कराया है। बीते एक साल में भी केवायसी अपडेट कराने में दिलचस्पी नहीं दिखाने के कारण ऐसे कार्डधारियों को सरकार संदेह के दायरे में रख रही है। यही कारण है कि जिले में औसतन 70 प्रतिशत खद्यान्न का वितरण हो जाने के बाद सरकार यह मानकार चल रही है कि सारे वास्तविक हितग्राहियों ने अपना चावल उठा लिया है। इसके विपरीत जिन्होंने नहीं उठाया है उन्हें चावल की जरूरत ही नहीं है, शायद इसीलिए उन्होंने अपना ई-केवायसी भी अपडेट नहीं कराया है।



**जिन राशन दुकानों में चावल नहीं, वहां अब भंडारण की अनुमति भी नहीं**

शहर की जिन राशन दुकानों में चावल उपलब्ध है, वहां से हितग्राहियों को अगस्त माह का चावल आबंटित किया जा रहा है, लेकिन जिन राशन दुकानों में चावल का स्टॉक नहीं है, वहां से न तो हितग्राही चावल प्राप्त कर सकते और न ही उन दुकानों में इस महीने के चावल का भंडारण नान के द्वारा किया जाएगा। शासन द्वारा गैर उपलब्धता वाले राशन दुकानों में नान को अगस्त माह के चावल का स्टॉक उपलब्ध कराने की अनुमति नहीं दी गई है।

**हितग्राही कहीं से भी चावल उठा सकते हैं**

चावल वितरण का जिले का तीन महीने का औसत 70 प्रतिशत हो चुका है। वितरण के मामले में बिलासपुर जिला रायपुर से ऊपर है। वितरण में प्रदेश का औसत ही 75 प्रतिशत आया है। जिन राशन दुकानों में अभी चावल उपलब्ध है हितग्राही वहां से चावल उठा सकते हैं।

-**अमृत कुजूर**
खाद्य नियंत्रक

## अब सहकारी बैंक के ग्राहकों को भी पर्सनलाईज्ड चेक देने की तैयारी

बिलासपुर। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के ग्राहकों को भी अब पर्सनलाईज्ड चेकबुक उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। इसके अंतर्गत चेकबुक तो हैदराबाद स्थित सिक्योरिटी प्रिंटिंग प्रेस से मंगाई जाएगी, लेकिन चेकबुक के प्रत्येक पेज पर संबंधित ग्राहक का नाम व एकाउंट नंबर प्रिंट करने का काम स्थानीय स्तर पर किया जाएगा। नई व्यवस्था वर्ष के अंत तक प्रारंभ हो जाने की बात कही जा रही है।

जिला सहकारी बैंक की सभी शाखाओं को अब ग्राहकों को चेकबुक जारी करने के पहले एक-एक पन्ने में सील लगाकर एकाऊंट नंबर अंकित करने से निजात मिल जाएगी। बैंक प्रशासन जल्द ही पर्सनलाईज्ड चेकबुक जारी करने की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रीयकृत बैंकों की तरह ही अब जिला सहकारी बैंक के ग्राहकों को भी उनके नाम और एकाऊंट नंबर छपा हुआ चेकबुक प्राप्त हो सकेगा। बैंक प्रशासन द्वारा चेकबुक का थोक आर्डर हैदराबाद स्थित श्रीनिधि सिक्योर प्रिंटिंग को दिया जा चुका है। वहां से कोरा चेकबुक प्राप्त किया जाएगा व यहां नाम व एकाऊंट नंबर की प्रिंटिंग की जाएगी।

**सुरक्षा के लिहाज से ठीक होगा**

विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों की तरह ही जिला सहकारी बैंक के ग्राहकों को भी अब उनके नाम व एकाउंट नंबर के साथ चेकबुक उपलब्ध करने की तैयारी चल रही है। पर्सनलाईज्ड चेक से लेनदेन न केवल हाईटेक, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी अच्छा होगा। दिसंबर तक नई व्यवस्था के लागू हो जाने की पूरी संभावना है।

-**आशीष दुबे**, नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित

**वन विभाग के प्रांगण में बनाया गया था, जो ढह गया बारिश के पानी में**

# 19 साल भी नहीं टिक पाया रेस्ट हाउस का गुम्बद और दीवार, नए निर्माण कार्य शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विभाग बिलासपुर के प्रांगण में वर्ष 2006 में आफिशियल रेस्ट हाउस का निर्माण कार्य कराया गया था, जिसके सामने बनाया गया गुम्बद और घेराबंदी करने के लिए दीवार 19 साल नहीं टिक पाया और बारिश के पानी में ढह गया। टूटे हुए गुम्बद और दीवार के बाद अब नया निर्माण कार्य शुरु करा दिया गया है।

वर्ष 2005-06 में बिलासपुर वन मंडल के प्रांगण में फारेस्ट आफिसर्स मेस और रेस्ट हाउस का निर्माण कार्य कराया गया था। इस दौरान तत्कालीन डीएफओ एसडी बड़गैया, बिलासपुर के वन संरक्षक कौशलेन्द्र सिंह था। बिलासपुर वन मंडल का क्षेत्र काफी बड़ा था, जिसमें अचानकमार टाइगर रिजर्व का क्षेत्र भी शामिल रहने के कारण स्टाफ एवं अफसर भी ज्यादातर फील्ड में ही रहते थे। आफिसर्स मेस के अंदर विभागीय अफसरों और बाहर से आने वाले अधिकारियों के लिए शानदार रूम, हॉल के अलावा अन्य कार्य कराए गए था। इसके अलावा बाहर में गुम्बद एवं चारों ओर बाउंड्रीवाल किए गए। यह आफिसर्स मेस बिलासपुर वन मंडल और बिलासपुर वन वृत्त कार्यालय के बीच में बनाया गया था। 2 अप्रैल वर्ष 2006 को इसका लोकार्पण भी किया गया। लोकार्पण के बाद प्रांगण में पड़े खाली जमीन पर नया भवन बनाने का कार्य स्वीकृत हुआ, तब तक तत्कालीन डीएफओ व अन्य स्टाफ आफिसर्स मेस में बैठकर ही काम करने लगे। नया भवन बनने के बाद डीएफओ व अन्य कर्मचारी उसमें शिफ्ट हो गए, जिसके बाद आफिसर्स मेस केवल अधिकारियों के रूकने व उनके लिए भोजन व्यवस्था के लिए काम आने लगा। वर्ष 2025 में आफिसर्स मेस के निर्माण कार्य को पूरे 19 वर्ष हो गए। इस वर्ष बारिश के मौसम ने 19 वर्ष पहले किए गए आफिसर्स मेस के सामने बने गुम्बद और बाउंड्रीवाल के लिए बनी दीवार को ढहा दिया, जिसके उपरांत अब एक नए तरीके से काम की शुरुआत की गई है।



बिलासपुर वनमंडल का तोड़ा गया रेस्ट हाउस।

**गुम्बद से टपकता था पानी**

आफिसर्स मेस को संभालने वाले कर्मचारियों का कहना है कि बारिश के दौरान गुम्बद से पानी नीचे टपकने लगा था, जिसके कारण उसकी स्थिति पूरी तरह से जर्जर हो गई थी। वहीं बारिश के दौरान बाउंड्रीवाल की दीवार गिर गई। इसके उपरांत दोनों ओर की बची दीवारों और गेट को तोड़कर नए सिरे से कार्य किया जा रहा है।

**बनाया जा रहा गार्डन**

बिलासपुर वन मंडल के रेस्ट हाउस के सामने के गुम्बद और दीवार पुरानी होने के कारण खराब हो रही थी। उसे तोड़कर अब गार्डन बनाने व अन्य कार्यों को किया जा रहा है।

-**विपुल अग्रवाल**
डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### नशे का सामान सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने शहर में नशेड़ियों को नशे का सामान सप्लाई करने वाले युवक को पकड़ लिया है। उसके पास से 150 नग प्रतिबंधित टेबलेट मिली है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 24 अगस्त की रात रेलवे स्टेशन के बाहर हल्दीराम होटल के पास शहडोल खूजरी निवासी समीर यादव पिता संतोष यादव को बाइक सवार तीन युवकों ने चाकू मार दिया था। दूसरे दिन पुलिस ने चिंगराजपारा निवासी अमन सारथी उर्फ बिट्टू पिता घनश्याम सारथी 20 साल व दो नाबालिग को पकड़ लिया। तीनों नशीले टेबलेट के नशे में थे और नशे में समीर यादव को चाकू मारा था। पुलिस ने उन्हें नशीले टेबलेट बेचने वाले सरकण्डा बंगालीपारा गली नम्बर तीन निवासी राहुल मानिकपुरी पिता गंगादास मानिकपुरी 19 को पकड़ लिया था। उसके बाद पुलिस ने राहुल मानिकपुरी को बेचन के लिए नशीले टेबलेट बेचने वाले यदुनंदननगर पानी टंकी निवासी अमन सिंघल पिता उत्तम सिंघल 22 साल को पकड़कर उसके पास से 150 नग प्रतिबंधित टेबलेट बरामद किया है।

### मोबाइल बेचने के फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने चोरी का मोबाइल बेचने की फिराक में घूम रह युवक को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस को सूचना मिली कि एक युवक बुधवारी बाजार में चोरी का मोबाइल बेचने के लिए घूम रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ बाजार में दबिश देकर सरकण्डा नूतन चौक निवासी अतुल यादव पिता दिनेश यादव 20 साल को पकड़कर एक मोबाइल बरामद किया।

### चेन लूटने वाला ई रिक्शा चालक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने सरकण्डा क्षेत्र में झपट्टा मारकर दो लोगों से नकद रकम, सोने की चेन लूटने वाले ई रिक्शा चालक को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर वीवीआईपी सिटी रामागीत निवासी रिटायर्ड एडीओ 25 अगस्त को शाम 6 बजे दवाई लेने के लिए मेडिकल स्टोर्स जा रहे थे। लोयला स्कूल रोड स्वर्ण काम्प्लेक्स के पास एक नीला रंग का ई रिक्शा वाला आया और पूछा कहां जा रहे हो, उन्होंने बताया दवाई लेने मेडिकल स्टोर जा रहे हैं। चालक ने कहा क्या दवाई चाहिए। पर्ची निकालने के दौरान उनके हाथ में 17 हजार रुपए भी जेब से बाहर निकल गया। चालक पर्ची लेकर देखने लगा और झपट्टा मारकर उनके हाथ से 17 हजार रुपए लूटकर भाग निकला। उसके ई रिक्सा का नम्बर सीजी 10 बीजी, 5970 लिखा हुआ था। सूचना पर टीआई निलेश पाण्डेय, संजीव जांगड़े, विवेक राय, सत्या पाटले ने चांटीडीह रामायण चौक निवासी प्रदीप सोनी से पूछताछ की। उसने रकम लूटना स्वीकार कर लिया। इसके अलावा उसने 14 जुलाई को राजकिशोरनगर निवासी अमृत लाल गुप्ता से हरिमाडल स्कूल के पास झपट्टा मारकर सोने की चेन लूटना स्वीकार किया है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत

**बिलासपुर।** साइकिल से घर जा रहे बुजुर्ग को बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई है। सकरी थाना के एसआई हेमंत आदित्य ने बताया, लोखंडी निवासी लक्ष्मण पटेल 80 साल सब्जी बेचने के बाद साइकिल से घर जा रहे थे। लोखंडी मुख्य मार्ग में साइकिल से गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात बाइक के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी।

*प्रवेश की तारीख नहीं बढ़ी तो फिर उत्तीर्ण हुए छात्रों का यह साल बरबाद हो जाएगा*

# बोर्ड की द्वितीय परीक्षा में पास हुए 16 हजार से अधिक छात्र, इधर कालेजों और विश्वविद्यालयों में एडमिशन बंद, भटकना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से द्वितीय बोर्ड परीक्षा के नतीजे 19 अगस्त को जारी किए गए। इसमें बारहवीं में 16 हजार से अधिक छात्र पास हुए हैं, लेकिन उन्हें इस सत्र में प्रवेश के लिए अवसर नहीं मिला है, क्योंकि, 14 अगस्त को कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में एडमिशन बंद हो चुका है।

ऐसे में प्रवेश की तारीख नहीं बढ़ी तो फिर पास हुए छात्रों का यह साल बर्बाद हो जाएगा। हालांकि पिछली बार सितंबर में भी एडमिशन दिए गए थे। इसलिए इस बार भी छात्रों को उम्मीद है कि प्रवेश की तारीख फिर बढ़ेगी। गौरतलब है कि सीजी बोर्ड के तहत साल में दो बार दसवीं-बारहवीं की परीक्षा होती है। पिछले साल से यह व्यवस्था लागू है। पहली परीक्षा मार्च में और दूसरी जुलाई में आयोजित की जाती है। इस बार की परीक्षा भी जुलाई में हुई। बारहवीं की परीक्षा के लिए 35 हजार 765 छात्रों के आवेदन मिले थे। परीक्षा में 34 हजार 59 छात्र शामिल हुए और इसमें 34 हजार 55 के परिणाम घोषित हुए। इसमें से 16 हजार 747 छात्र पास हुए है। इस तरह से रिजल्ट 49.17 प्रतिशत रहा। इसमें 4781 प्रथम श्रेणी, 11165 द्वितीय और 801 तृतीय श्रेणी से पास हुए। अब जो पास हुए हैं उनमें से कई छात्र इस सत्र में प्रवेश के इच्छुक हैं। इसके लिए वे कॉलेजों से संपर्क कर रहे हैं। कॉलेजों में सीटें भी खाली हैं, लेकिन तारीख खत्म होने की वजह से एडमिशन नहीं दिया जा रहा।

■ पिछली बार सितंबर में भी एडमिशन दिए गए थे, इसलिए इस बार भी छात्रों को उम्मीद

### यूजी और पीजी दोनों की सीटें खाली

शिक्षा सत्र 2025-26 के अनुसार प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया जून में शुरू हुई। यूजी व पीजी में प्राचार्य स्तर पर 31 जुलाई तक प्रवेश दिए गए। इसके बाद फिर कुलपति की अनुमति से 14 अगस्त तक दाखिले हुए। आखिरी दिन ओपन काउंसिलिंग कर एडमिशन दिए गए, फिर भी बड़ी संख्या में सीटें खाली रह गई हैं। अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध ऑटोनोमस कालेज जैसे साइंस कॉलेज, डिग्री गर्ल्स को छोड़कर अन्य कॉलेजों में यूजी और पीजी की कई सीटें खाली रह गई। अन्य राजकीय विवि से जुड़े कालेजों में भी काफी सीटें खाली हैं।

### छात्रहित में होगा फैसला

सीजी बोर्ड के तहत साल में दो बार दसवीं-बारहवीं की परीक्षा होती है। पिछले साल से यह व्यवस्था लागू है। इस बार की परीक्षा भी जुलाई में हुई। इसमें 16 हजार से अधिक छात्र पास हुए हैं। इनके एडमिशन के लिए शासन स्तर पर बात चल रही है। जल्द ही छात्रहित में फैसला ले लिया जाएगा। किसी भी स्टूडेंट का साल बरबाद नहीं होगा।

- विजय तांडे
जिला शिक्षा अधिकारी

### यूजी के स्वाध्यायी छात्रों का पंजीयन 31 तक होगा

ज्ञात हो कि यूजी फर्स्ट ईयर में एडमिशन लेने वाले स्वाध्यायी यानी प्राइवेट छात्रों का पंजीयन 31 अगस्त तक होगा। इसकी प्रक्रिया पिछले दिनों शुरू हुई। प्राइवेट छात्रों को पंजीयन की हार्डकॉपी संबंधित कॉलेजों में 5 सितंबर तक जमा करना अनिवार्य है। गौरतलब है कि पिछले साल यूजी फर्स्ट ईयर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू हुई। इसके अनुसार यूजी फर्स्ट ईयर की परीक्षा में प्राइवेट छात्र के रूप में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी है। उन्हें अपने आवेदन में यह बताना होगा कि वे किस कॉलेज से प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में फर्स्ट ईयर की परीक्षा देंगे। इसी तरह इन्हें भी नियमित छात्रों की तरह इन्हें भी इंटर्नल एग्जाम देना होगा।

वाहन चालक रोज हो रहे दुर्घटनाग्रस्त, जगह की कमी से ढाल देने में भी आएगी समस्या

# पचरीघाट की ओर बैराज में खड़ी चढ़ाई, कैसे बनेगा रास्ता?

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पचरीघाट बैराज का निर्माण अब अपने अंतिम चरणों में है। सिंचाई विभाग द्वारा बैराज के ऊपर से पुल की तरह ही आवागमन के लिए रास्ता बनाया गया है। इसके अंतर्गत शनिचरी रपटा की ओर से बैराज पर चढ़ते समय तो चढ़ाई संतुलित है, लेकिन पचरीघाट वाले हिस्से में खड़ी चढ़ाई लोगों के लिए समस्या बनी हुई है। पचरीघाट की ओर से बैराज में चढ़ने व उतरने के दौरान वाहनचालकों को लगातार दुर्घटनाग्रस्त होना पड़ रहा है।

अरपा नदी पर बारहों महीने जलभराव बनाए रखने के उद्देश्य से शहर में दो स्थानों पर बैराज बनाए जा रहे हैं। शिवघाट पर बैराज बनकर तैयार हो चुका है, वहीं पचरीघाट बैराज का काम युद्धस्तर पर जारी है। उम्मींद की जा रही है कि साल के अंत तक पचरीघाट बराज भी बनकर तैयार हो जाएगा। बैराज के ऊपर पुल की भांति आवागमन के लिए पर्याप्त जगह है, जहां लोग चांटीडीह से बैराज के ऊपर से होकर सीधे जूना बिलासपुर पहुंच सकेंगे। इस दौरान चांटीडीह की ओर बैराज में चढ़ने के लिए पर्याप्त ढाल है, जिसमें वाहनचालकों को इस ओर से बैराज में चढ़ने व उतरने में कोई दिक्कत नहीं हो रही है। पचरीघाट वाले हिस्से में खड़ी चढ़ाई है, जिससे बैराज में वाहन लेकर चढ़ना काफी जोखिम भरा है। इधर चांटीडीह की ओर से बराज में चढ़कर पचरीघाट की ओर उतरने वाले कई वाहनचालक तो एकदम खड़ा ढाल देखकर वापस लौट जा रहे हैं। जबकि उतरने का प्रयास करने वाले कई वाहनचालकों को प्रतिदित दुर्घटनाग्रस्त भी होना पड़ रहा है। इस संबंध में सिंचाई विभाग द्वारा भी पचरीघाट की ओर चढ़ाई अधिक होने, लेकिन ढाल देने के लिए वहां अधिक स्थान नहीं होने की बात स्वीकार की गई है।



पचरीघाट बैराज के अंतिम छोर पर असंतुलित रास्ता जहां से गुजरना मुश्किल है।

**तैयार करना पड़ेगा रास्ता**

यह बिल्कुल सही है कि बैराज में पचरीघाट की ओर एकदम खड़ी चढ़ाई है, लेकिन इसे ऐसे ही नहीं छोड़ा जा सकता। आवागमन के लिए रास्ता तो तैयार करना ही पड़ेगा। जगह तलाश कर अधिक से अधिक ढाल देने की कोशिश करेंगे।

**-मधु कुमार चंद्रा**, ईई खारंग जलसंसाधन संभाग

कालेजों में यूजी-पीजी की 29 हजार सीटें रिक्त

# यूनिवर्सिटी ने उच्च शिक्षा विभाग को प्रवेश तिथि बढ़ाने लिखा पत्र

कालेजों में अंतिम तिथि 14 अगस्त के बाद से एडमिशन नहीं दिया जा रहा है, जबकि कालेजों में सीटें खाली पड़ी हैं। इस सत्र अभी तक यूजी-पीजी मिलाकर 45 फीसदी सीटों पर एडमिशन हुआ है और अभी भी लगभग 55 प्रतिशत सीटें खाली हैं। यूजी-पीजी मिलाकर लगभग 29 हजार सीटें रिक्त रह गई है। इसलिए अटल यूनिवर्सिटी ने प्रवेश तिथि बढ़ाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखा है।

अटल यूनिवर्सिटी अंतर्गत कालेजों में शासन के प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत तहत 31 जुलाई तक प्रवेश दिया गया, उसके बाद कुलपति के अनुमति से कालेजों के प्राचार्यो द्वारा खाली सीटों पर प्रवेश दिया गया। यह प्रवेश 14 अगस्त तक दिया गया, उसके बाद से कालेजों ने प्रवेश देना बंद कर दिया है। इधर अभी तक किन्हीं कारणों से प्रवेश नहीं ले पाए वंचित छात्र-छात्राएं कालेजों में प्रवेश लेने चक्कर लगा रहे हैं, किन्तु उच्च शिक्षा विभाग से प्रवेश तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में कोई निर्देश नहीं आया है, इसलिए कालेजों द्वारा छात्र-छात्राओं को वापस लौटाया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से यूनिवर्सिटी से प्रवेश के संबंध में जानकारी मंगाई गई थी। इस पर अटल यूनिवर्सिटी ने अपने से संबद्ध कालेजों में यूजी-पीजी मिलाकर अब तक 45 फीसदी सीटों पर एडमिशन की जानकारी भेजी है, जबकि अभी भी लगभग 55 फीसदी सीटें रिक्त रह गई है, इसलिए अटल यूनिवर्सिटी ने उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर यूनिवर्सिटी के यूटीडी समेत गवर्नमेंट व प्राईवेट सभी कालेजों में प्रवेश की तिथि बढ़ाए जाने की मांग की है।

■ केवल 45 फीसदी सीटों पर हुआ एडमिशन 55 प्रतिशत अभी भी खाली

### 1 लाख 5 हजार 189 रजिस्ट्रेशन

अटल यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में प्रवेश के लिए कुल 1 लाख 5 हजार 189 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इसमें यूजी-पीजी दोनों ही पाठयक्रमों का रजिस्ट्रेशन शामिल है। यूनिवर्सिटी द्वारा तीन-चार बार पोर्टल आनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए ओपन किया गया था। इसमें लगभग 65 हजार 900 रजिस्ट्रेशन फर्स्ट ईयर के विभिन्न पाठयक्रमों के लिए हुआ और लगभग 40 हजार रजिस्ट्रेशन पीजी के लिए हुआ है। एक-एक स्टूडेंट ने तीन-चार रजिस्ट्रेशन कराया था। इससे प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के मुकाबले रजिस्ट्रेशन की संख्या अधिक है।

### भेजा गया है पत्र

कालेजों में प्रवेश तिथि समाप्त हो गई, जबकि अभी भी काफी सीटें रिक्त रह गई है। प्रवेश के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से यूनिवर्सिटी से जानकारी मांगी थी, वह जानकारी भेज दी गई है। इसके साथ ही प्रवेश की तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में यूनिवर्सिटी की ओर से पत्र भी भेजा गया है।

-डॉ. तार्निश गौतम
रजिस्ट्रार, एयू

### फर्स्ट ईयर की 16 हजार 842 सीट रिक्त

यूजी फर्स्ट ईयर में ही प्रवेश के लिए कालेजों में मेरिट आधार पर चार बार लिस्ट निकाली गई है। फर्स्ट ईयर में कालेजों में कुल 33 हजार 750 सीटें हैं, जिनमें से 16 हजार 808 से सीटों पर ही प्रवेश हुआ है। फर्स्ट ईयर में ही 16 हजार 942 सीटें रिक्त है। प्रवेश प्रक्रिया तहत कालेजों में पहली मेरिट लिस्ट 2 जुलाई को जारी हुई थी, जिसपर 8 जुलाई तक प्रवेश दिया गया। दूसरी मेरिट लिस्ट 9 जुलाई को निकाली गई थी, जिसपर 15 जुलाई तक प्रवेश चला। कालेजों में तीसरी मेरिट लिस्ट 16 जुलाई को निकाली गई थी, जिसपर 22 जुलाई तक प्रवेश दिया गया तथा चौथी मेरिट लिस्ट 23 जुलाई को निकाली गई थी और 30 जुलाई तक प्रवेश दिया गया।

# शहर में बाइक पेट्रोलिंग कर अपराधियों पर नजर रख रही पुलिस

शराब दुकानों में की गई लोगों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी ने पुलिस लाइन से त्यौहारी सीजन पर शहर में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए शांति व सुरक्षा के मद्देनजर बाइक पेट्रोलिंग का गठन किया गया है। बाइक पेट्रोलिंग ने जरहाभाठा जतिया तालाब के पास संदिग्ध रूप से बैठे 8 से 10 बदमाशों को खदेड़ा। वहीं महाराणाप्रताप चौक की शराब दुकान में घेराबंदी करते हुए लोगों की जांच की गई, जिससे अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ था।

एसएसपी रजनेश सिंह ने सिविल लाइन, सरकण्डा, कोतवाली सीएसपी के नियंत्रण में 4 - 4 बाइक दल का गठन किया है, इसमें 8 - 8 पुलिस जवान हैं। थाना के साथ ही अनिरिक्त टीआई स्तर के अधिकारियों को भी पेट्रोलिंग दल में शामिल किया गया है। सीएसपी के सुपरविजन में बाइक पेट्रोलिंग दल को शहर के बाजार में पेट्रोलिंग कर अपराध रोकथाम, छेड़छाड़, लूटपाट, मारपीट जैसी घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारू से संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रतिदिन शाम से देर रात तक टीआई के अगुवाई में पेट्रोलिंग दल भीड़ वाले इलाके, बाजार, दुकानों, मेला स्थल एवं विवादित इलाकों में सतत गश्त कर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण करने का प्रयास करेंगे। बाइक पेट्रोलिंग दल की व्यवस्था में एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल, सीएसपी सिविल लाइन निमितेश सिंह परिहार, आरआई भूपेन्द्र गुप्ता, टीआइ विवेक पाण्डेय, राजेश मिश्रा, रविन्द्र अनंत, रवि शंर तिवारी सहित अन्य अधिकारियों को शामिल किया गया है।

■ जतिया तालाब के पास 10 बदमाशों को खदेड़ा गया, शराब दुकान में लोगों की गई जांच



### बदमाशों की जमकर की खातिरदारी

बाइक पेट्रोलिंग दल ने जरहाभाठा जतिया तालाब में दबिश दी। 8 से 10 बदमाश व नशेड़ी युवक बैठे हुए थे। पुलिस टीम युवकों को पकड़कर जमकर खातिरदारी की। पुलिस को खातिरदारी करते देख लोगों भी भीड़ लग गई। आसपास क्षेत्र में रहने वाले पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते रहे।

### किलाबंदी कर शराब दुकान में जांच

महाराणाप्रताप चौक स्थित शराब दुकान में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। पेट्रोलिंग दल ने शराब दुकान को किलाबंदी घेराव करते हुए शराब खरीदने गए सभी लोगों को जांच की। हालांकि यहां संदिग्ध सामान हाथ नहीं लगा। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र के बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ था।

### मुंगेली नाका से मंगला चौक तक पैदल पेट्रोलिंग

सिविल लाइन सीएसपी श्री परिहार के नेतृत्व में बाइक पेट्रोलिंग पार्टी के द्वारा मुंगेली नाका चौक से मंगला चौक तक पैदल पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान सड़क किनारे अस्त व्यस्त खड़े वाहनों को समझाइश देकर हटवाया गया। दुकान संचालकों को व्यवस्थित वाहन खड़ा कराने का निर्देश दिया गया, ताकि ट्रैफिकजाम की स्थिति निर्मित न हो।

### 55 हजार का सामान चोरी

**बिलासपुर।** बीती रात चोरों ने ब्यूटी पार्लर में धावा बोलकर 55 हजार का सामान चोरी कर लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, तालापारा निवासी मोनिका हुसैन पिता इमरान तेलीपारा बजरंग काम्प्लेक्स में ब्यूटी पार्लर चलाती है। 25 अगस्त को रात 10.30 बजे पार्लर बंद कर घर आ गई थी। 27 अगस्त को वह पार्लर खोलने गई तो चोरी की जानकारी हुई।

### वाहन चेकिंग के दौरान खुखरीनुमा चाकू सहित बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान खुखरीनुमा चाकू के साथ गुण्डा बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आगामी त्यौहार के मद्देनजर अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने के उद्देश्य से बुधवार को कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर स्टाफ के साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। जांच के दौरान स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीटी, 9265 में सवार जूना बिलासपुर गुण्ड बदमाश साव धर्मशाला निवासी देवेन्द्र इंगले पिता दीपक उर्फ पकलू 21 साल को पकड़ा गया। जांच करने पर स्कूटी की डिक्की में खुखरीनुमा चाकू मिला और वह नशे में स्कूटी चलाते घूम रहा था। पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट व 185 एमव्ही एक्ट के तहत खुखरी व स्कूटी जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

### गौमांस बिक्री को लेकर बिल्हा में बवाल, तीन पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बिल्हा क्षेत्र में गौमांस बिक्री को लेकर हिन्दू संगठन व ग्रामीणों के बीच जमकर बवाल हो गया। पुलिस ने हस्तक्षेप कर विवाद शांत कराया। पुलिस ने गौमांस बेचने वाले तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया कि हिन्दू संगठन के लोगों के द्वारा ग्राम डोंड़कीभाठा उड़िया मोहल्ले में गौमांस बेचने का वीडियो बनाकर शिकायत की। पुलिस हिन्दू संगठन के लोगों के साथ डोंड़कीभाठा गई। वहां हिंदू संगठन के लोगों ने गांव के हर घर में गौमांस बेचने का आरोप लगाकर लोगों के घरों में घुसने की कोशिश की, इससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उसके बाद हिन्दू संगठन व ग्रामीणों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। खबर मिलते ही शहर से पुलिस के आला अफसर बल के साथ डोंड़कीभाठा पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद हिंदू संगठन व ग्रामीणों को समझाइश देकर शांत कराया गया है। पुलिस ने हिंदू संगठन के लोगों की शिकायत पर गौमांस बेचने वाले पवन रात्रे, पुनिता रात्रे व एक अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 351, 3, 325, 115, 115, 2, 3, 5 व 4, 5, 10 कृषक पशु परिक्षण अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### धर्मपरिवर्तन कराने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** प्रार्थना आयोजित कर प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन कराने पर बजरंग दल के कार्यकताओं ने जमकर मंगामा मचाया। पुलिस ने प्रार्थना सभा आयोजित करने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, बंजरग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना दी कि वेदपरसदा पोल्ट्रीफार्म के पास संदीप कुमार सूर्यवंशी पिता चुन्नीलाल सूर्यवंशी 30 साल गांव गरीब लोगों को एकत्रित कर प्रार्थना सभा आयोजित कर लोगों को प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन करा रहा है। पुलिस ने बिना अनुमति के प्रार्थना सभा आयोजित करने वाले संदीप सूर्यवंशी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दों में से एक है।
जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 02 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### कारीडोंगरी में रामधुन, विभिन्न टोलियों ने दी 24 घंटे प्रस्तुति



**लोरमी।** ग्राम कारीडोंगरी में श्री रामधुन का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के रामधुन टोलियों ने बारी-बारी से चौबीस घंटे प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने सभापति बेदराम पटेल, सरपंच भान सिंह, सरपंच प्रतिनिधि व रोजगार सहायक भारत लाल गंधर्व, मनोज जायसवाल, उपसरपंच गंगाराम, धन्नू पटेल, दूजराम पटेल, पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### खो-खो प्रतियोगिता में शिशु मंदिर बरेला ने मारी बाजी



**जरहागांव।** सरस्वती शिक्षा संस्थान एवं विद्या भारती की योजना अनुसार जिला स्तरीय बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय चारभाठा में किया गया हुआ। प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर बरेला की बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस खो-खो टीम में मानवी निधि कोसले, राधिका श्रीवास, रश्मि पटेल, सोनाक्षी कैवर्त, नैंशी प्रजापति, तमन्ना बानो, अलीशा परवीन, प्रान्या पटेल एवं तमन्ना सोनी शामिल थीं।

### बच्चों को प्रदान किए गए यूनिफार्म एवं प्रमाण पत्र



**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का बैठक आयोजित की गई। इस दौरान शाला प्रबंधन के अध्यक्ष संजय वर्मा के निर्देशन पर शाला के बच्चों को ड्रेस वितरण किया गया एवं स्वतंत्रता दिवस परेड में भाग लेने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य प्रवीण सोनी, शाला के प्राचार्य विजय सोनी, किशनलाल देवांगन, राधेश्याम राय, बलदेव ध्रुव, चांदनी केशरवानी, मनोज राठौर, खेमलाल जायसवाल, चन्द्रकिरण पाण्डेय की उपस्थित में सागर खाण्डे, ताम्रध्वज सोनकर, आर्यन बैस, लवकुश, महेश श्रीवास, होरीलाल यादव, टार्जन मधुकर आदि विद्यार्थियों को ड्रेस तथा प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

### अवन्तिबाई लोधी कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम



**पथरिया।** अवन्तिबाई लोधी महाविद्यालय पथरिया में दीक्षारंम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजलि शर्मा एवं वरिष्ठ छात्रों की ओर से किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत भाषण प्रस्तुत डॉ डीके पांडेय ने किया। साथ ही विशिष्ट उद्बोधन एनईपी संयोजक डॉ यूएस श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ अंजलि शर्मा ने कहा कि, माता प्रथम गुरु होती है तथा संस्कार हमारा सीखा हुआ व्यवहार होता है, जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाया जाता है। प्राचार्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के विषयों में बहुमुखी विकास कर अपने लक्ष्यों तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि, महाविद्यालय में विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के पालन पर भी जोर दिया जाएगा तथा परिसर में सदाचार एवं भाईचारे की भावना को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### गौसेवा आयोग के अध्यक्ष पटेल से मिले ग्रामीण

**सेतगंगा-मुंगेली।** गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्री पटेल से सौजन्य मुलाकात कर प्रशिक्षित गौसेवक घुमंतू गौमाताओं की सुरक्षा को लेकर भाजपा सरकार के द्वारा वर्तमान में गौधाम योजना को अमलीजामा पहनाने का काम कर रहे है। अध्यक्ष पटेल से प्रदेश स्तर के गौसेवक संगठन के पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ यादव के नेतृत्व मंक प्रदेश महामंत्री कैलाश साहू, प्रदेश प्रवक्ता मनोहर यादव, कृष्ण कुमार सिंगरौल, भारत चौहान, रामवतार साहू आदि के ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर श्री पटेल ने आश्वासन दिया कि, यह योजना बहुत जल्द प्रारंभ होगी। जिससे गौमाता को सुरक्षित रखा जाएगा। इसके सुरक्षा हेतु प्रशिक्षित गौसेवकों को रखा जाएगा व शासन से उनको 13 हजार का मानदेय भी दिया जाएगा।

## जगह-जगह विराजे श्रीगणेश, समितियों ने सजाए आकर्षक पंडाल

# गणेश चतुर्थी पर खूंटाघाट में लगा मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर





धार्मिक नगरी रतनपुर के खूंटाघाट बांध पर गणेश चतुर्थी के दिन मेले का आयोजन किया गया, जिसका लुफ्त उठाने हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। खूंटाघाट का खूबसूरत नजारा देखने के लिए नगर के साथ आसपास के ग्रामीण अंचल से भी लोग पहुंचे, और खूब सैर-सपाटा किया।

रतनपुर का खूंटाघाट बांध अंग्रेजों के समय का बना है। बताया जाता है कि, इस बांध का काम 1921 में शुरू हुआ एवं 1930 में बांध बनकर तैयार हुआ। गणेश चतुर्थी के दिन लगने वाले मेले में विशाल जनसमूह उमड़ता है, जिसमें महिलाओं व बच्चों की संख्या सर्वाधिक होती है। लोग यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठाते हैं। जब बांध लबालब भरा होता है तो ओवरफ्लो का दृश्य अनुपम होता है, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। गणेश चतुर्थी पर जहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर इस मेले और बांध के ओवरफ्लो का आनंद लेते हैं। साथ ही मेले में खाने-पीने की दुकानें, मनिहारी व साथ खिलौनों की दुकानें लगी हुई होती है, जहां पर लोग खरीदारी भी करते हैं।

### गली-मोहल्लों से लेकर घर-घर में विराजे गणपति



**मुंगेली।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की गई। लोग गाजे-बाजे की धून पर नाचते हुए भगवान गणेश की प्रतिमाओं को स्थापना के लिए ले जाते रहे। नगर के गोलबाजार मेन रोड, कुम्हारपारा, खर्रीपारा आदि स्थान पर भगवान गणेश की छोटी-बड़ी आकर्षक प्रतिमाओं की बिक्री होती रही। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में देर रात्रि तक पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना व सजावट में व पूजा अर्चना के कार्य में युवा जुटे रहे। गणेश चतुर्थी के अवसर पर घर-घर में गणेश भक्तों में उत्साह बना हुआ है। शहर में अलग-अलग समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं।

### श्रद्धाभक्ति के साथ हुई विघ्नहर्ता की स्थापना



**मल्हार।** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर छोटे खैया सरोवर के किनारे 200 वर्षों पुराने ऐतिहासिक वट वृक्ष के आश्रय में 7 फीट ऊंची गणेश भगवान की स्थापना पार्षद वार्ड नंबर 5 ठाकुर कमलेश सिंह गोलू ने शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ की। करीब 100 वर्ग मीटर के ब्यास वाले वट वृक्ष की गोलाई में बेहद खूबसूरती के साथ विद्युत झालरों से सजाया गया है। मल्हार के 75 वर्षों के इतिहास में ऐसी भव्य सजावट, स्थल चयन एवं लोक लुभावन, गणेश विघ्नहर्ता की प्रतिमा को लोग देख कर मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। इस अवसर फूल की माला से चौकी प्रभारी ओंकारधर दीवान ने ओमप्रकाश पांडेय, रवींद्र वैष्णव ,शेष नारायण गुप्ता, राजेश पांडे, अभिजीत कुर्रे, सूरज सिंह की उपस्थिति में अभिषेक कर आशीर्वाद लिया।

### पूजा अर्चना के साथ स्थापित की गई गजानन की प्रतिमा



**दगोरी।** ग्राम के सभी चौक-चौराहों बरपारा, बाजारपारा, भवानी चौक, इंदिरा कॉलोनी, कल्याण सागर पारा, राधाकृष्ण मंदिर चौक, गौरा चौक, केवट पारा, बजरंग चौक, गांधी चौक, कबीर चौक, कूटी पारा, चांदनी चौक, रेलवे स्टेशन मोहल्ला, बिल्हा रोड, जयस्तंभ चौक इत्यादि सभी चौक-चौराहों पर विघ्नहर्ता गजानन महाराज की स्थापना की गई। आचार्य पं राजा चौबे, पं ईश्वर तिवारी सहित अन्य ने घट स्थापना, प्राण-प्रतिष्ठा, पूजा-पाठ व आराधना के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कराई। पूजा पंडालों में रात में कीर्तन, भजन व आराधना का आयोजन होगा।

## शतरंज स्पर्धा में अमृतेश और मुस्कान को मिला प्रथम स्थान



**मुंगेली।** जिला शतरंज संघ मुंगेली के तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय मुंगेली विकासखंड मुक्त आयु वर्ग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन शतरंज हाल में किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में अमृतेश और महिला वर्ग में मुस्कान ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। स्पर्धा में मुख्य अतिथि प्रवीण वैष्णव और संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, चेयरमेन विजय वर्मा एवं आशीष मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्पर्धा के मुख्य आर्बिटर मनोज कुमार साहू थे। बालक वर्ग में प्रथम स्थान अमृतेश उपाध्याय 4 अंक, दूसरा स्थान अभिज्ञान पाण्डेय 3 अंक, तीसरा स्थान नोगेन्द्र उपाध्याय 2 अंक ने प्राप्त किया। इसी प्रकार बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मुस्कान कुलमित्र 3 अंक, दूसरा स्थान संजीवनी कुर्रे, तीसरा स्थान अदिती कोशले 2 अंक ने हासिल किया। सब जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर अद्वित, दूसरे स्थान पर अभिजीत और तीसरे स्थान पर यश ने कब्जा जमाया। स्पर्धा में सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन अरविन्द पांडेय ने किया। इसके बाद मुंगेली विखं शतरंज समिति की बैठक आयोजित की गई।

## वीएचपी स्थापना दिवस के तीसरे दिन हुए विविध कार्यक्रम



**पेंड्रा।** विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस की श्रृंखला के अंतर्गत तीसरे दिन पेंड्रा प्रखंड स्थित शिव मंदिर परिसर में एक भव्य और श्रद्धा-भावना से परिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता की। कार्यक्रम में आयोजित धार्मिक विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने विश्व हिंदू परिषद के उद्देश्य, सनातन धर्म की सार्वकालिक प्रासंगिकता और राष्ट्र सेवा पर अपने प्रेरणादायक विचार रखे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य एवं हर्ष छाबरिया जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद थे। साथ ही मुख्य वक्ता रामजी श्रीवास, विशेष अतिथि नत्थू प्रसाद गुप्ता थे। मंच का संचालन जिला मंत्री प्रकाश साहू एवं कार्यक्रम का संयोजन शैलेश जयसवाल ने किया। इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के कलाकारों ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस आयोजन का समापन सामूहिक महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। क्षेत्र के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लेकर संगठनात्मक एकता और धर्मनिष्ठा का परिचय दिया। कार्यक्रम में सरोज पवार, सागर पटेल, प्रिया त्रिवेदी, आकांक्षा साहू, कशिश साहू, पायल वैष्णव, निधि राठौर, नवीन विश्वकर्मा, आनंद पांडे, बीएल पांडे, शुभम गुप्ता, भूपेंद्र चौधरी, दिशा मानिकपुरी, अनीता मांझी, संतोषी गोस्वामी, रुक्मणी तिवारी, विभा तिवारी, संतोष साहू, छोटू यादव, प्रकाश राय, सचिन तिवारी, विनय पांडे, अनुराग पांडे, शिवम साहू, विमल मिश्रा, सूर्या साहू, प्रथम साहू, रवि साहू, सहित भारत विकास परिषद के भी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्लोबल वर्ल्ड स्कूल में जल संरक्षण विषय पर कार्यक्रम



**तखतपुर।** विजडम द ग्लोबल वर्ल्ड स्कूल में जल संरक्षण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरणविद पद्मश्री उमाशंकर पांडेय उपस्थित हुए एवं विद्यार्थियों को जल संरक्षण का संदेश दिया।

पानी के पहरेदार के नाम से विख्यात श्री पांडेय के कार्यो की सराहना प्रधानमंत्री मोदी मन की बात कार्यक्रम में कर चुके हैं। वे नीति आयोग में सदस्य हैं एवं उनका कार्यक्षेत जल ग्रामों की स्थापना, जल स्तर सुधार, मॉडल का राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार इत्यादि हैं। कार्यक्रम में विजय पाठक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। श्री पांडेय ने कहा कि, जल ही जीवन है, और यदि हम आज से ही पानी की एक-एक बूंद बचाने का संकल्प लें, तो आने वाली पीढ़ियां भी जल संकट से बच सकती हैं। उन्होंने बच्चों को वर्षा जल संचयन, टपक सिंचाई व पेड़ों को बचाने जैसी व्यावहारिक विधियां अपनाने का आह्वान किया। विद्यालय के डायरेक्टर अजीत शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि, विद्यालय सदैव विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की चेतना जगाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन अंकिता मेहता ने किया।

## फरहदा में पशुपालन जागरूकता कार्यक्रम



**जरहागांव।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय के मार्गदर्शन में जिले में गायों की सुरक्षा, सेवा एवं संरक्षण के लिए 'गौसेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है, इस अभियान के तहत जरहागांव के फरहदा में पशुपालन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को अपने गायों-भैंसों को घर में बांधकर रखने के निर्देश दिए गए। इससे पहले चार दिनों से लगातार मुनादी करा कर उन्हें अपने मवेशियों को खुले में नहीं छोड़ने की समझाईश दी गई। इस दौरान 134 घुमंतू गाय व बैलों में से 70 गायों को चिन्हांकित कर पशुपालकों को दिया गया, जो ग्राम को पशु मुक्त बनाने की दिशा में पहला कदम है। इस दौरान पशु मालिकों से अपील की गई कि, वे अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं और फसल नुकसान की घटनाओं को रोका जा सके। इस अभियान में गांव के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

### ओवरटेक करते हुए मारी बाइक सवार को टक्कर, मामला दर्ज

**तखतपुर।** दुपहिया चालक ने ओवरटेक करते हुए दूसरे दुपहिया सवार को ठोकर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवापारा निवासी कपिल बंजारे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह 25 अगस्त को अपनी दुपहिया सीजी 04 केजे 8884 से दोपहर 3 बजे जोरापारा से घर वापस जा रहा था। जब वह नवापारा मोड़ के पास पहुंचा, तभी पीछे की ओर से आ रही दुपहिया सीजी 10 एजेड 7540 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे ठोकर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## कच्ची शराब सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर




**तखतपुर।** अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब की बिक्री करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि टिंगीपुर सड़क किनारे एक व्यक्ति अवैध रूप से बिक्री के लिए शराब रखा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी गेंदराम मरावी के कब्जे से 2 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं टिंगीपुर के कच्ची रोड बांधा के पास रोहित यादव के कब्जे से 2 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर किया। दोनों आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 34,1 क के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में ले लिया।

### शराबी ने ग्रामीण के साथ की गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** शराब पीकर गाली-गलौज करने से मना करने पर ग्रामीण के साथ मारपीट की दी गई। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेवसा निवासी बिहारी यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 24 अगस्त की रात 9 बजे वह खाना खाकर घर के बाहर बैठा था, तभी शराब के नशे में धुत भोला जायसवाल वहां आया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। जब उसने ऐसा करने से मना किया तो भोला ने उसके साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115,2 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## युवाओं को किया गया वोट डालने के लिए प्रेरित

# नए मतदाताओं के नाम जोड़ने लगा विशेष शिविर



शिविर में नाम जुड़वाने लगी नए मतदाताओं की कतार।

**करगीरोड कोटा।** विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु निरंजन केशरवानी कॉलेज में विशेष शिविर एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तहसीलदार कोटा के निर्देशन में आयोजित इस विशेष शिविर में निर्वाचन शाखा प्रभारी, पटवारी, बीएलओ ने फॉर्म नंबर 6 भराकर 82 नए मतदाताओं का नाम ऑनलाइन एवं ऑफलाइन जोड़ कर निर्वाचन आयोग के ऐप को फॉलो करने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ नाज बेंजामिन ने बताया कि, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों की मतदान प्रक्रिया में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ मतदाताओं को एक साफ-सुथरी छवि का प्रतिनिधि चुनने के लिए जागरूक करना है। स्वीप प्रभारी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से ऑनलाइन या ऑफलाइन फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, फॉर्म 7 के अनुसार मतदाता सूची से नाम हटाने, फॉर्म 8 के अनुसार मतदाता सूची में संशोधन कराने, फॉर्म 6बी के अनुसार आधार से मतदाता पहचान पत्र को लिंक करने की प्रक्रिया, भारत निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन, मतदान प्रक्रिया तथा मतदाता के अधिकार की जानकारी प्रदान की। बीएलओ अरुण मानिकपुरी ने बताया कि, 18 वर्ष उम्र पूरा करने वाले व्यक्ति अब 1 साल में चार अवसरों 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर को मतदाता सूची में अपने नाम दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने वोटर हेल्पलाइन एप से नए मतदाताओं का नाम जोड़ते हुए विद्यार्थियों से अपने परिवार के सदस्यों एवं ग्रामवासियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की।

## कार में तोड़फोड़ करने वाले बदमाश पर पुलिस की कार्रवाई



**लोरमी।** वार्ड तीन महामायापारा में एक किया कार में तोड़फोड़ करने वाले तीन असमाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 24 अगस्त को प्रार्थी शुभम विश्वकर्मा ने उनकी कार सीजी 10 बीएक्स 3749 में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़फोड़ भारी क्षति पहुंचाने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पर बीएनएस की धारा 324(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शिवनगर वार्ड क्र 1 निवासी राजकुमार उर्फ रुज्जू यादव पिता रामनाथ यादव उम्र 36 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को जप्त किया गया व आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया कि, त्योहार के मद्देनजर पेट्रोलिंग सहित अपराधियों पर नकेल कसने कार्रवाई जारी रहेगी।